आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* पुत्रदा/पवित्रा एकादशी
* राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 22 | इंदौर, रविवार 23 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### प्राइवेट सेक्टर में बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में इसरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो अब तक के सबसे बड़े ढांचागत बदलाव की तैयारी कर रहा है। इसरो अपने पारंपरिक काम जैसे लॉन्च व्हीकल (रॉकेट) और आम सैटेलाइट बनाने का जिम्मा धीरे-धीरे प्राइवेट सेक्टर और पीएसयू को सौंपने जा रहा है। इस कदम के बाद इसरो एक रिसर्च और डेवलपमेंट संगठन के रूप में काम करेगा, जो एडवांस टेक्नोलॉजी, साइंटिफिक मिशन और स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इन स्पेस के चेयरमैन डॉ. पवन गोयनका ने एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में यह जानकारी देते हुए कहा कि रॉकेट और सैटेलाइट निर्माण का व्यवसाय अब निजी कंपनियों को हस्तांतरित किया जा रहा है।

### बीजेपी ने जेन-जी से जुड़ने के लिए टीम बनाई

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने जेन-जी यानी युवा वोटर्स से जुड़ने के लिए खास टीम बनाई है। इसमें भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े के साथ गुजरात के मंत्री हर्ष सांघवी और छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी शामिल हैं। वहीं, दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में शनिवार को नितिन नवीन की अध्यक्षता में 65 सदस्यीय नई राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक हुई। वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस के फैसले के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया। भाजपा ने कांग्रेस के कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के केवल दो पैरा गाने के फैसले की निंदा की। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई नई टीम की बैठक में आगामी चुनावों, संगठन को मजबूत करने और पार्टी के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।

### कांग्रेस नेता ने लाईव डिबेट में गाया पूरा 'वंदे मातरम'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की ओर से 'वंदे मातरम' को पूरा नहीं गाने को लेकर फैसला लिया गया है। इस पर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। खास तौर पर बीजेपी लगातार इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेर रही है। ऐसा ही मुद्दा एक टीवी डिबेट शो में उठा, जहां बीजेपी प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कांग्रेस नेता से राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' पूरा गाने की डिमांड कर दी। बस फिर क्या था बीजेपी नेता की मांग पर कांग्रेस से जुड़ीं विंग कमांडर (रिटायर्ड) अनुमा आचार्य ने तुरंत इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने लाईव शो में पूरा वंदे मातरम का गान किया। भारतीय वायु सेना की पूर्व अधिकारी और कांग्रेस नेता अनुमा आचार्य के पूरा राष्ट्रगीत सुनाने पर राधिका खेड़ा ने रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा कि खुशी है कि अनुमा चौधरी ने सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव को तोड़ा और पार्टी लाइन के खिलाफ गईं।

### 53 साल के अर्जुन रामपाल ने की दूसरी शादी



**14 साल छोटी गर्लफ्रेंड गैब्रिएला से शादी रजिस्टर कराई, रिलेशनशिप से दो बेटे हैं**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल ने अपनी लंबे समय से गर्लफ्रेंड गैब्रिएला डेमेट्रियड्स से शादी कर ली है। गोवा में शुक्रवार को यह शादी रजिस्टर्ड कराई गई। दोनों ने उत्तरी गोवा के मापुसा स्थित सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में शादी की कानूनी प्रक्रिया पूरी की। ढळकके मुताबिक, इस दौरान उनके करीबी दोस्त मौजूद थे। स्थानीय कानून के तहत पहले और दूसरे हस्ताक्षर के बीच 15 दिन का इंतजार जरूरी होता है। इस अवधि को माफ कराने के लिए कपल ने स्थानीय कोर्ट के असिस्टेंट पब्लिक प्रॉसिक्यूटर से विशेष अनुमति ली थी। सब-रजिस्ट्रार सूरज वर्नेकर ने बताया कि शादी गोवा के यूनिफॉर्म सिविल कोड के तहत रजिस्टर्ड हुई। अर्जुन और गैब्रिएला 2018 से रिश्ते में हैं। यह रिश्ता एक्टर की पूर्व पत्नी मेहर जेसिया से अलग होने के बाद शुरू हुआ था। शादी से 7 साल पहले यानी 2019 में अर्जुन और गैब्रिएला के पहले बेटे एरिक का जन्म हुआ था। इसके चार साल बाद उनके दूसरे बेटे एरिव का जन्म हुआ। 2025 में अर्जुन ने गैब्रिएला से अपनी सगाई की जानकारी दी थी।

### नैनो न्यूज

- **पुणे** : राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले एनएसयूआई-एबीवीपी कार्यकर्ताओं में झड़प, भाजपा का जबरन रजिस्ट्रेशन कराने का आरोप, कांग्रेस नेता का शनिवार को था प्रोग्राम।
- **जयपुर** : भीषण हादसा में तेज रफ्तार एसयूवी कार ने एक ही परिवार के चार लोगों को कुचला, सभी की मौके पर मौत।
- **नई दिल्ली** : केंद्र सरकार का अहम फैसला, 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सर्दी-जुकाम वाली दवाओं पर लगी रोक।
- **इस्लामाबाद** : पाकिस्तान ने पत्रकार को आतंकी लिस्ट में डाला, पीओके प्रदर्शन कवर करने वाले दानिश इरशाद पर बिना मुकदमे कार्रवाई, बैंक अकाउंट सीज-यात्रा पर रोक।
- **वाशिंगटन** : ट्रम्प ने कनाडा पर 50% टैरिफ लगाया, तीन दिन की बातचीत बेनतीजा, पीएम कार्नी बोले- यूएस ने आखिरी समय शर्तें बदली।

देश में शक्कर के लगातार बढ़ते दामों ने आम उपभोक्ता की चिंता बढ़ाई

## 25 लाख टन चीनी बनाने योग्य गन्ना एथेनॉल में गया, 3 माह में 40% महंगी हुई शक्कर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

देश में शक्कर के लगातार बढ़ते दामों ने आम उपभोक्ता की चिंता बढ़ा दी है। पिछले तीन महीनों में चीनी की कीमत करीब 40 प्रतिशत बढ़कर 48 रुपए से 67 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसी दौरान गुड़ के दाम में भी 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। चीनी की कीमतों में इस उछाल के बीच करीब 25 लाख टन चीनी बनाने योग्य गन्ने के एथेनॉल उत्पादन में जाने को लेकर सवाल उठने लगे हैं।



**25 लाख टन गन्ना एथेनॉल में डायवर्ट-** चीनी उद्योग से जुड़े आंकड़ों के अनुसार करीब 25 लाख टन चीनी बनाने योग्य गन्ना-शीरा एथेनॉल उत्पादन की ओर डायवर्ट हुआ है। एथेनॉल नीति का उद्देश्य पेट्रोल में मिश्रण बढ़ाने, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने और चीनी मिलों को अतिरिक्त आय उपलब्ध कराने का रहा है। हालांकि, अब घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता और कीमतों को देखते हुए एथेनॉल के लिए गन्ने के डायवर्जन को लेकर बहस शुरू हो गई है। सवाल यह है कि जब बाजार में चीनी की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, तब गन्ने का कितना हिस्सा एथेनॉल उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

चीनी के बढ़ते दामों का असर अब रसोई के साथ-साथ खाद्य कारोबार पर भी दिखाई देने लगा है। मिठाई, बेकरी और अन्य खाद्य उत्पादों की लागत बढ़ने की आशंका है। त्योहारी सीजन नजदीक होने के कारण मांग बढ़ने से कीमतों पर दबाव और बढ़ सकता है।

### जमाखोरी की तो खैर नहीं : सीएम योगी

उत्तर प्रदेश में चीनी की उपलब्धता को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समीक्षा की। उन्होंने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि राज्य में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता है और आमजन को परेशान होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीनी की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### ये कैसा आत्मनिर्भर भारत : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को चीनी की बढ़ती कीमतों और स्टॉक पर सरकार से 3 सवाल किए। उन्होंने पूछा कि ये कैसा आत्मनिर्भर भारत है, जहां विदेश से चीनी आयात की जा रही है और दूसरी तरफ गन्ने को पेट्रोल में मिलाने के लिए एथेनॉल में झोंका जा रहा है। देश के कई शहरों में चीनी की कीमत 70 रुपए किलो तक पहुंच गई है। पिछले 3 महीने में इसके दाम करीब 40% यानी 19 रु. प्रति किलो तक बढ़े हैं। कीमत कम करने के लिए केंद्र ने 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन रॉ शुगर बिना ड्यूटी के आयात करने की मंजूरी दी है।

मप्र में कांग्रेस ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ अलग-अलग मुद्दों को लेकर

## कांग्रेस की चेतावनियों और आंदोलनों से गरमाया उज्जैन-इंदौर संभाग

**आंदोलन दिखाई नहीं देता तो विरोधी दल इसे बता सकते हैं महज मीडिया की सुर्खियां बटोरने की रणनीति**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/इंदौर**

मध्यप्रदेश में कांग्रेस ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ अलग-अलग मुद्दों को लेकर आंदोलन और चेतावनी का सिलसिला तेज कर दिया है। छात्रसंघ चुनाव से लेकर किसानों और स्थानीय जनसमस्याओं तक कांग्रेस संगठन अब सड़क पर उतरने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस ने छात्रसंघ चुनाव की तैयारियों के लिए 13 क्षेत्रीय प्रभारियों की नियुक्ति भी की है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यदि छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से नहीं कराए गए तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

**उज्जैन में शराब के मुद्दे पर प्रदर्शन-** उज्जैन में कांग्रेस विधायक महेश परमार के नेतृत्व में आबकारी कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेस ने शराब कारोबार और कथित शराब माफिया नेटवर्क को लेकर सरकार पर सवाल उठाए तथा पूरे मामले की जांच की मांग की। पार्टी का कहना है कि शराब से जुड़े मामलों में प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।



- **खाद और किसान मुद्दा भी आंदोलन की जमीन-** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पहले ही खाद की बिक्री पर लगी रोक को लेकर सरकार को आंदोलन की चेतावनी दे चुके हैं। कांग्रेस लगातार किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रही है।
- **15 जिलों में कांग्रेस की सक्रियता पर नजर-** उज्जैन संभाग में उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच, शाजापुर और आगर-मालवा तथा इंदौर संभाग में इंदौर, धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, खंडवा और बुरहानपुर जिले आते हैं।

### आंदोलन की तैयारी या सुर्खियों तक सीमित राजनीति?

कांग्रेस लगातार विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार और प्रशासन को चेतावनी देती नजर आ रही है। कभी किसानों की समस्या, कभी खाद का संकट, कभी शराब नीति तो कभी छात्रसंघ चुनाव जैसे मुद्दों पर आंदोलन का ऐलान और सरकार को घेरने की बात सामने आती है। लेकिन अब कांग्रेस की इन चेतावनियों को लेकर राजनीतिक गलियारों में एक सवाल उठने लगा है—क्या पार्टी वास्तव में चरणबद्ध आंदोलन करेगी या फिर चेतावनियां और बयानबाजी अखबारों की सुर्खियों तक ही सीमित रह जाएगी? कांग्रेस नेताओं की ओर से कई बार आंदोलन की घोषणा, घेराव और प्रदर्शन की रणनीति बताई जाती है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में सक्रियता का संदेश जरूर जाता है, लेकिन हर घोषणा के बाद आंदोलन कितनी मजबूती से जमीन पर उतरता है, यह सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### घोषणा से आगे बढ़ने की चुनौती

विपक्ष के लिए सरकार को घेरना लोकतांत्रिक राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस, बयान और चेतावनी जारी करने से जनता के बीच प्रभाव लंबे समय तक कायम नहीं रह सकता। यदि कांग्रेस किसी मुद्दे को लेकर गंभीर है तो उसे चरणबद्ध आंदोलन की स्पष्ट समय-सारिणी, जिला स्तर पर कार्यक्रम और लगातार सड़क पर मौजूदगी दिखानी होगी। राजनीतिक जानकारों की नजर अब इस बात पर है कि कांग्रेस अपनी घोषणाओं को कितनी जल्दी धरातल पर उतारती है। यदि चेतावनियों के बाद आंदोलन दिखाई नहीं देता तो विरोधी दल इसे महज मीडिया की सुर्खियां बटोरने की रणनीति बता सकते हैं।

### जनता के बीच विश्वसनीयता की परीक्षा

कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि उसके आंदोलन केवल एक-दो दिन के प्रदर्शन तक सीमित न रहें। यदि किसी मुद्दे को लेकर सरकार से जवाब मांगा जा रहा है तो उसके बाद ज्ञापन, धरना, घेराव, जिला बंद या बड़े आंदोलन जैसे अगले चरणों की स्पष्ट रणनीति सामने आनी चाहिए। फिलहाल कांग्रेस की लगातार चेतावनियों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या यह विरोध सड़कों पर लंबी लड़ाई में बदलेगा या फिर कुछ दिनों बाद वही मुद्दे राजनीतिक बयानबाजी और अखबारों की सुर्खियों में दबकर रह जाएंगे? आने वाले दिनों में कांग्रेस का जमीनी आंदोलन ही इस सवाल का जवाब देगा।

### झाबुआ में किसानों का आंदोलन जारी

झाबुआ में बदनावर-झाबुआ राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण के बदले चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का 'घेरा डालो, डेरा डालो' आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का रुख अपनाया है।

### इंदौर में संगठन को चुनावी मोड में लाने की तैयारी

इंदौर सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में कांग्रेस ने संगठन को सक्रिय करने की कवायद शुरू कर दी है। छात्र राजनीति को लेकर पार्टी ने अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की है। इंदौर क्षेत्र की जिम्मेदारी अमन बजाज को दी गई है। कांग्रेस का फोकस कॉलेज परिसरों में संगठनात्मक गतिविधियां बढ़ाने पर है।

छिंदवाड़ा के जिला अस्पताल के

## एनआईसीयू में लगी आग से 3 नवजात झुलसे, 1 की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में बीती देर रात 2 से 3 बजे के बीच आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग की चपेट में तीन नवजात बच्चे आ गए। तीनों की उम्र 6 से 12 दिन के बीच है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सुबह करीब 5 बजे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां एक बच्चे की मौत हो गई।

डॉक्टर कंचन दुबे के मुताबिक, तीनों बच्चे कितने प्रतिशत झुलसे हैं, यह स्पष्ट नहीं है। बच्चों को सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। जिला अस्पताल में पीडियाट्रिक सर्जन उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें जबलपुर भेजा गया। डॉक्टर कंचन दुबे के अनुसार, एनआईसीयू में एक प्लग में शॉर्ट सर्किट हुआ था। इसी के कारण उस डोली में आग लगी, जिसमें तीनों बच्चे थे। आग धीरे-धीरे डोली में लगे प्लास्टिक और कपड़ों तक पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शी आनंद के मुताबिक, आग लगते ही एनआईसीयू में मौजूद स्टाफ ने अग्निशामक यंत्र की मदद से उसे बुझाने की कोशिश की। इसके बाद बच्चों को बाहर निकालकर प्राथमिक इलाज दिया गया। घटना के समय एनआईसीयू में 20 से ज्यादा नवजात और तीन स्टाफ सदस्य मौजूद थे। आग केवल एक यूनिट तक सीमित रही और उसी हिस्से को नुकसान पहुंचा है।

### शिवपुरी-गुना को जल्द मिलेगा 34 किमी का नया बायपास

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शिवपुरी**

ग्वालियर-चंबल अंचल में बढ़ते सड़क यातायात को शहरों के भीतर से बाहर निकालने की दिशा में एक बड़ी सड़क परियोजना आकार लेने जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने शिवपुरी और गुना के लिए प्रस्तावित करीब 34 किमी लंबे ईस्टर्न बायपास की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### वाराणसी के सभी घाट डूबे, छतों पर की जा रही आरती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश से गंगा और घाघरा समेत 6 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। 13 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। वाराणसी में सभी 84 घाट डूब गए हैं। मणिकर्णिका घाट की छत पर अंतिम संस्कार हो रहा है। दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती भी छत पर कराई जा रही है।

## कुएं में उतरे 4 लोग जहरीली गैस से बेहोश, तीन की मौत

**एजेंसी ▸▸ चंदौली**

यूपी के चंदौली जिले के शहाबगंज थाना क्षेत्र के किड़हिरा गांव में शनिवार को उस समय चीख-पुकार मच गई, जब बंद कुएं में फंसा समरसेबल पंप निकालने उतरे चार लोग अचानक जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। आनन-फानन ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सभी को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं चौथे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। घटना के बाद से ही गांव में मातमी सन्नाटा और कोहराम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, किड़हिरा गांव में कुएं के भीतर लगे खराब समरसेबल पंप को बाहर निकालने का काम चल रहा था। इसी दौरान एक-एक कर चार लोग कुएं में उतरे, लेकिन अंदर मौजूद जहरीली गैस के असर से चारों अचेत होकर कुएं के भीतर ही गिर पड़े। कुएं से बाहर किसी हलचल के न होने और पुकारने पर जवाब न मिलने पर बाहर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना शहाबगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ग्रामीणों की मदद से राहत व बचाव कार्य में जुट गई।

## संसद में एक ही सत्र में बिल पास कराने का चलन बढ़ा

### 18वीं लोकसभा में 53% विधेयक पारित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

संसद में कानून बनाने की रफ्तार जितनी तेज हुई है, उतनी ही संसदीय चर्चा की जगह सिमटती दिख रही है। 18वीं लोकसभा के हालिया मानसून सत्र में 11 बिल महज कुछ मिनटों के भीतर बिना किसी खास बहस के पारित कर दिए गए। यह स्थिति जहां एक तरफ विधायी कामकाज की जल्दबाजी दर्शाती है, वहीं दूसरी तरफ यह सवाल भी खड़ा करती है कि बिना विस्तृत समीक्षा के बनने वाले कानूनों का देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर क्या असर पड़ेगा।

संसद में जिस सत्र में बिल पेश किया जाता है, उसी सत्र में उसे पास कराने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के आंकड़ों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा में अब तक पेश किए गए 64 में से 34 यानी 53 फीसदी बिल दोनों सदनों से उसी सत्र में पारित हो चुके हैं।

यह रुझान 16वीं लोकसभा से काफी अलग है। 16वीं लोकसभा के दौरान 189 बिल पेश हुए थे, जिनमें से सिर्फ 33 फीसदी यानी 63 बिल ही उसी सत्र में पास हुए थे। 17वीं लोकसभा में यह आंकड़ा दोगुना होकर लगभग 62 फीसदी यानी 190 में से 117 बिल पर पहुंच गया था।

सिंगापुर जा रही इंडिगो फ्लाइट की त्रिची एयरपोर्ट में इमरजेंसी लैंडिंग

## हवा में ढाई घंटे चक्कर काटता रहा विमान

**एजेंसी ▸▸ चेन्नई**

इंडिगो एयरलाइंस की एक और उड़ान में तकनीकी खराबी सामने आने से यात्रियों की सांसें अटक गईं। शुक्रवार शाम त्रिची से सिंगापुर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी समस्या आ गई। इसके बाद 127 यात्रियों को लेकर उड़ रहे विमान को आपात स्थिति में त्रिची इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वापस उतारना पड़ा। हालांकि, सुरक्षित लैंडिंग से पहले विमान करीब ढाई घंटे तक हवा में चक्कर लगाता रहा। रात करीब 9 बजे विमान को त्रिची एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

सिख दंगों के दोषी सज्जन को हीरो कहने पर नाराजगी को लेकर

## राहुल गांधी के घर के बाहर प्रदर्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

सिख नेताओं और 1984 के सिख विरोधी दंगों से प्रभावित परिवारों के सदस्यों ने शनिवार को 5, सुनहरी बाग रोड स्थित राहुल गांधी के घर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पुतला भी फूंका।

प्रदर्शनकारी सिख कांग्रेस नेताओं की ओर से पूर्व पार्टी नेता सज्जन कुमार को हीरो और आदर्श बताने वाले बयान से नाराज हैं। उन्होंने कहा- कांग्रेस को इस बयान को वापस लेकर माफी मांगनी चाहिए। सज्जन कुमार 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए गए थे। दिल्ली की तिहाड़ जेल में गुरुवार को 80 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।



### कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने दिया था बयान

- न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने सज्जन कुमार के निधन को कभी न पूरी होने वाली क्षति बताया था।
- वहीं, कांग्रेस के नेता उदित राज ने सज्जन कुमार के निधन को पार्टी के लिए बड़ी क्षति बताते हुए कहा कि उन्होंने विशेष रूप से गरीबों के लिए बहुत काम किया था। इन बयानों के बाद से सिख समाज में नाराजगी है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### अब थूकने, खूले में पेशाब का जुर्माना हवा

शहर में स्वच्छता को लेकर कुछ समय पूर्व बड़े जोरशोर से अभियान चलाया गया था। किसी को भी खुले में थूकने एवं पेशाब करते देखे जाने पर लगातार पकड़-धकड़ होने लगी थी। जुर्माना किया जाने लगा था। शहर की संस्था के सफाई मित्र हेड हाथों में रसीद कट्टा लिए घुमने लगे थे। शहर में इधर उधर खुले में थूकने और पेशाब करने वाले भी सतर्क हो गए थे। देखकर ही थूकते थे, अब जिधर देखो उधर मुहं से पिचकारी मारने वाले देखे जा सकते हैं। इधर-उधर निर्माण स्थलों के आसपास किसी को भी खूले में लघुशंका करते देखा जा सकता है। जिनके पास इन्हें रोकने की जिम्मेदारी है उन्होंने भी इस मामले को ठंडा पटक दिया है। यानिकी ऐसा होते देखकर वे भी अनदेखा करने लगे हैं। स्मार्ट कैमरों में भी ऐसी स्थिति सामने आने का हवाला मिल रहा है। जिधर देखो उधर ऐसे हालात सामान्य हो गए हैं। सड़क चलते लोगों को पिचकारी के दर्शन करने पड़ रहे हैं। वाहन चालन करते हुए आकस्मिक रूप से कब कौन पिचकारी मार दे कहा नहीं जा सकता है। शहर की स्वच्छता के लिए चलाए गए अभियान से एक खौफ बना था। इससे स्वच्छता के साथ आम जन को भी राहत मिली थी। सड़कों के आसपास भी आकस्मिक रूप से किसी को इस तरह से लघुशंका त्यागते देखकर मुंह पलटाने की स्थिति नहीं बनती थी। एक बार फिर से अब ये सब सामान्य हो गया है। खुसूर-फुसूर है कि आगे पाट पीछे सपाट की स्थिति में यहां सब चल रहा है। निर्माणाधीन शहर में सड़कों पर स्वच्छता को लेकर कार्रवाई की स्थिति को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए तो उसे सिरे से ही अनदेखा किया जा रहा है। महाआयोजन से पूर्व इस मामले की सख्ती का जमकर प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए कि धार्मिक नगरी में लघुशंका एवं सड़कों पर थूकने पर पकड़े जा सकते हैं तो यकीन मानिए स्वच्छता का मायना और बेहतर परिणाम उस समय आएंगे अन्यथा ग्रीन महाआयोजन के दौरान अगर खुले में लघुशंका और थूकने का मामला चलता रहा तो उसके परिणाम भी आएंगे ही। इसके लिए अभी से शहर ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन मामलों की सख्ती का संदेश देना अनिवार्य है अन्यथा उस समय इस पर नियंत्रण करना मुश्किल होगा मात्र राजस्व ही एकत्रित हो सकेंगा।

## नैनो न्यूज

- **'50 प्लस ओल्ड इज गोल्ड', संगीतमय शाम आज-** सुर-ताल म्यूजिकल ग्रुप की ओर से शनिवार 22 अगस्त को '50 प्लस ओल्ड इज गोल्ड' संगीतमय शाम का आयोजन किया जा रहा है। कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में शाम 6:30 बजे से पुराने सदाबहार गीतों की महफिल सजेगी।
- **6 साल बाद मिली पदोन्नति, संजय दिवटे बने सिविल अस्पताल के मुख्य लिपिक-** राज्य शासन द्वारा करीब 16 साल के लंबे इंतजार के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पदोन्नति की सौगात दी गई है।
- **उज्जैन की प्रतिष्ठा जैन को मिला यंगेस्ट एस्ट्रोलॉजर का अवॉर्ड-** मुंबई के हितेश गुरु ने किया पुरस्कृत, मराल फाउंडेशन की ओर से अहमदाबाद के होटल प्रेसिडेंट में 40वीं ग्लोबल ऑकल्ट साइंस समिट ऑकल्ट कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया।
- **कैलाश एंपायर से महाकाल मंदिर तक निकली चतुर्थ कलश यात्रा-** मनकामनेश्वर महादेव मंदिर समिति और महिला मंडल का आयोजन, मार्ग में कई स्थानों पर हुआ स्वागत, सावन मास में कैलाश एंपायर स्थित मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से महाकालेश्वर मंदिर तक चतुर्थ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।
- **श्री श्याम धाम आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ भंडारे के साथ समापन-** चिंतामन गणेश रोड स्थित श्री श्याम धाम आश्रम में पीठाधीश्वर श्याम गिरी महाराज के सानिध्य में श्याम धाम आश्रम परिवार द्वारा 14 से 20 अगस्त तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया।

## ट्रेंडिंग




जिले में 788 माध्यमिक एवं 1133 प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं

# करीब 2 हजार शिक्षकों टीईटी करना होगा

**वर्ष 28 तक टीईटी पास करना होगा अन्यथा अनिवार्य सेवा निवृत्ति**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अब नौकरी की निरंतरता से जुड़ गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार संबंधित शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। तय अवधि में परीक्षा पास नहीं करने वाले शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का प्रावधान बताया गया है। उज्जैन जिले में करीब 2 हजार ऐसे शिक्षक सामने आ रहे हैं जिन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं। इनमें 788 माध्यमिक एवं 1133 प्राथमिक शिक्षक हैं।

टीईटी को लेकर जिले से सामने आ रही स्थिति के अनुसार करीब 2 हजार शिक्षक इस दायरे में आ रहे हैं। इनमें से 517 ऐसे हैं जिनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से भी कम समय बचा है। इस मान से देखा जाए तो करीब डेढ़ हजार शिक्षकों को पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य स्थिति में सामने आ रहा है।

### उज्जैन जिले पर एक नजर

| तहसील | मा.शि.टीईटी नहीं | प्रावि.शि.टीईटी नहीं |
|---|---|---|
| उज्जैन | 185 | 206 |
| घट्टिया | 72 | 120 |
| तराना | 126 | 234 |
| बडनगर | 107 | 235 |
| खाचरौद | 200 | 184 |
| महिदपुर | 98 | 154 |

स्त्रोत- जिला शिक्षा कार्यालय।
नोट- संख्या टीईटी उत्तीर्ण नहीं शिक्षकों की है।



### ऑनलाइन आवेदन शुरू

टीईटी के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 अगस्त से शुरू हो गई है और अभ्यर्थी 4 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 12 अक्टूबर से आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मुख्य रूप से वर्ष 1998 से 2011 के बीच नियुक्त शिक्षकों के लिए रखी गई है।

### कुछ ऐसी रहेगी परीक्षा

पात्रता परीक्षा में कुल 150 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का रहेगा। परीक्षा में सफल होने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को 50 फीसदी अंक, जबकि अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों को 60 फीसदी अंक हासिल करना अनिवार्य होगा।

### सिलेबस आना शेष अवकाश की मांग

शिक्षकों के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि परीक्षा सिर्फ पदोन्नति या नई नियुक्ति की पात्रता तक सीमित नहीं है, बल्कि निर्धारित समय में इसे पास नहीं करने पर सेवा पर असर पड़ सकता है। इसके सिलेबस को जल्द जारी करने के साथ ही 15 दिन का विशेष अवकाश देने की मांग भी उठ रही है तो परीक्षा शुल्क समाप्त करने, ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन परीक्षा की मांग भी उठ रही है। फिलहाल प्रति प्रश्न पत्र 1,000 परीक्षा शुल्क निर्धारित बताया गया है।

### आवेदन में सुधार 9 सितंबर तक

एमपीईएसबी के कार्यक्रम के अनुसार आवेदन की प्रक्रिया 21 अगस्त से शुरू होकर 4 सितंबर तक चलेगी। आवेदन में किसी तरह की त्रुटि होने पर 9 सितंबर तक ऑनलाइन सुधार किया जा सकेगा। कियोस्क के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पोर्टल शुल्क के रूप में 60 और सिटीजन यूजर के जरिए आवेदन करने पर 20 अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

### पहचान पत्र जरूरी

परीक्षा में शामिल होने के लिए मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रहेगा। अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट में से किसी एक का उपयोग कर सकेंगे। यूआईडीएआई से सत्यापित ई-आधार ही मान्य होगा। परीक्षा केंद्र पर बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन भी किया जाएगा। निर्धारित रिपोर्टिंग समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### मोबाइल-कैलकुलेटर पर रोक

परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिजिटल घड़ी, लॉग टेबल, नकल पर्ची और अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। परीक्षा शुरू होने के बाद समाप्ति तक अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। जिले में दो हजार एवं मध्यप्रदेश में डेढ़ लाख शिक्षकों के लिए यह परीक्षा अब महज पात्रता परीक्षा नहीं रह गई है। दो साल की समय सीमा और सेवा पर संभावित असर के कारण टीईटी को लेकर शिक्षक संगठनों और सरकार के बीच आने वाले दिनों में विवाद और मांगें तेज होने की संभावना है।

60 वर्षीय महिला की स्वाइन फ्लू एन-1एच-1 से मौत की जांच...

# नाले में बैठने वाले सुअरों से महिला को स्वाइन फ्लू होने की आशंका

## न ट्रेवल हिस्ट्री न ही कांटेक्ट हिस्ट्री में कोई संदिग्ध मिला, शुगर और कमजोरी से मौत हुई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्वाइन फ्लू से ऋषिनगर निवासी 60 वर्षीय महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने आसपास के रहवासियों सहित 30 घरों की दोबारा बारा जांच की है जिसमें एक भी संदिग्ध मरीज नहीं मिला है। महिला को स्वाइन फ्लू एन-1 एच-1 उसके घर के पास ही बहने वाले नाले में बैठने वाले सुअरों से होने की आशंका जताई गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के अनुसार 31 जुलाई को ऋषिनगर निवासी 60 वर्षीय महिला को बुखार, सर्दी, जुकाम एवं अन्य परेशानियों के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था। 3 दिनों बाद महिला को शहर के ही एक निजी अस्पताल में उपचार दिया गया था। इसके बाद महिला को इंदौर के एक बड़े निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। महिला का सेंपल लेकर उसकी जांच करवाने पर स्वाइन फ्लू पॉजिटीव आया था।



### घर के पास नाले में सूअर बैठने की स्थिति

जांच में सामने आया कि महिला के निवास के पास ही नाला स्थित है जिसमें नियमित तौर पर सूअर बैठते हैं। महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संभवतःउसे सूअर से ही स्वाइन फ्लू हुआ है। स्वाइन फ्लू एन-1एच -1 के प्रसार में सूअर की अहम स्थिति पूर्व से सामने हैं।

### नाले में दवा का छिड़काव

ऐसे में एंटीलार्वा एवं नगर निगम से समन्वय के साथ नाले में दवाई का छिड़काव करवाते हुए नाले में बैठने वाले जानवरों को वहां से हटवाने एवं निगरानी के लिए कहा गया है। पिछले 20 दिनों में महिला के अतिरिक्त ऐसा कोई संदिग्ध मरीज सामने नहीं आया है। टीम ने ऋषिनगर के संबंधित क्षेत्र एवं आसपास भी दो बार अपनी जांच कार्रवाई को अंजाम दिया है जिसमें 2 डाक्टरों के साथ करीब 10 कर्मचारियों का दल शामिल रहा है।

### शुगर एवं कमजोरी रही

सीएमएचओं डॉ. पटेल के अनुसार महिला शुगर की बिमारी से ग्रस्त थी और उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर सामने आई थी। इंदौर के निजी अस्पताल में उपचार के बाद महिला को उज्जैन घर ले आया गया था। कोमार्डिटी के कारण यहां लाने के बाद ही उसकी 18 अगस्त को मौत हो गई थी।

### कांट्रेक्ट एवं ट्रेवल हिस्ट्री भी नहीं

महिला के स्वाइन फ्लू पॉजिटीव आने के बाद उसके घर के सदस्यों के साथ उसके आसपास के 30 परिवारों की स्वास्थ्य विभाग टीम ने जांच की थी,जिसमें से एक भी संदिग्ध नहीं मिला था। महिला की कांटेक्ट हिस्ट्री में भी ऐसा कोई संदिग्ध नहीं मिला और उसकी ट्रेवल हिस्ट्री भी नहीं थी।

# निकास चौराहे पर नालियां चौक गंदा पानी सड़कों पर हुआ जमा

गंदगी व बदबू से लोगों का बुरा हाल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बुधवारिया से निकास चौराहे की तरफ नालियां चौक होने की वजह से उसका गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है और गंदगी की वजह से क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं और लोगों का बदबू से बुराहाल है पिछले कई दिनों से लोगों को मजबूरी में इस तरह के माहौल में अपना जीवन यापन करना पड़ रहा है। जिस जगह नालियां चौक है और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा है वहीं पर एक टॉयलेट है पायलट के बाहर नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है। इस कारण इस टॉयलेट का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। लोगों को टॉयलेट का उपयोग करने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ रही है टॉयलेट का उपयोग करने के लिए टॉयलेट के बाहर लगे रेती के ढेर पर चढ़कर पाइप के सहारे टॉयलेट तक पहुंचना पड़ रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नालियां चौक है और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा है। लेकिन इसकी निकासी के कोई प्रबंध नहीं किए गए हैं इस कारण क्षेत्र में गंदगी फैली हुई है। इसके साथ ही यहां पड़ी निर्माण सामग्री भी खराब हो रही है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है कई बार अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है ऐसे में क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

## लोति महाविद्यालय के विद्यार्थी पहुंचे धन्वंतरि आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन के बी.एससी. प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के सूक्ष्मजीवविज्ञान संकाय के छात्रों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

भ्रमण की शुरूआत शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेदिक अस्पताल में अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश गुप्ता एवं डॉ. नरेश जैन के मार्गदर्शन में छात्रों ने ओपीडी, आईपीडी पंचकर्म एवं वेलनेस सेंटर का भ्रमण किया। यहाँ छात्रों को आयुर्वेदिक पद्धति से संपूर्ण चिकित्सा प्रणाली, रोग निदान और उपचार प्रक्रिया का विस्तृत विश्लेषण कराया गया। विद्यार्थियों ने इस दौरान कहा कि लैब में दवा कैसे बनती है, यह देखकर बहुत कुछ सीखने को मिला। पंचकर्म और आईपीडी देखकर समझ आया कि आयुर्वेद में करियर के कितने स्कोप हैं। हर्बल गार्डन में पौधों के बारे में जानकारी भविष्य में बहुत काम आएगी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने पूरे दिन को ज्ञानार्जन और मनोरंजन से भरपूर बताया तथा आयुर्वेद को करियर के रूप में अपनाने में गहरी रुचि दिखाई।

फफूंद लगे पाव मिलने से खाद्य सुरक्षा पर उठे सवाल

# लक्ष्मी बेकरी की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। पाव भाजी खाने की इच्छा होने पर एक परिवार ने लक्ष्मी बेकरी से पाव का पैकेट खरीदा, लेकिन पैकेट खोलते ही उसमें फफूंद लगे हुए पाव देखकर परिवार के सदस्य हैरान रह गए। उपभोक्ता का आरोप है कि पैकेट में रखे पाव स्पष्ट रूप से खराब हो चुके थे, इसके बावजूद उन्हें बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया।

परिवार के अनुसार पाव भाजी बनाने के लिए पाव की जरूरत होने पर घर से एक सदस्य लक्ष्मी बेकरी से पाव



लेकर आया था। घर पहुंचने के बाद जैसे ही पैकेट खोला गया, उसमें रखे कुछ पाव पर फफूंद दिखाई दी। खराब पाव देखकर परिवार ने उनका उपयोग नहीं किया। उपभोक्ता का कहना है कि यदि पैकेट खोले बिना ही पाव खा लिए जाते तो यह स्वास्थ्य के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन सकता था।

### उज्जैन को भी सख्त कार्रवाई की जरूरत

उपभोक्ता का कहना है कि शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन को गंभीर और सख्त रवैया अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उज्जैन में भी तुकाराम मुंडे जैसे सख्त और ईमानदार अधिकारियों की जरूरत महसूस होती है, ताकि लापरवाही करने वाले प्रतिष्ठानों पर समय रहते कार्रवाई हो और आम लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ खाद्य सामग्री मिल सके। यह मामला केवल एक पैकेट पाव तक सीमित नहीं माना जा सकता। यदि खाद्य सामग्री में फफूंद जैसी समस्या सामने आती है तो संबंधित विभाग को इसकी जांच कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार में बिक रही खाद्य सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप है।

**पैकिंग और गुणवत्ता जांच पर सवाल-** इस घटना ने बेकरी और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि खाद्य सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठानों की नियमित जांच होना जरूरी है। खासकर ब्रेड, पाव, बिस्किट और अन्य जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थों के भंडारण, निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि और पैकेजिंग की स्थिति की जांच लगातार की जानी चाहिए। फफूंद लगे खाद्य पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में खाद्य सामग्री बेचने वाले प्रतिष्ठानों की जिम्मेदारी है कि वे उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सामग्री ही उपलब्ध कराएं। घटना सामने आने के बाद उपभोक्ताओं ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मामले की जांच और संबंधित प्रतिष्ठान के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। सवाल यह भी है कि यदि एक पैकेट में खराब पाव मिल सकते हैं तो क्या अन्य पैकेटों में भी इसी तरह की समस्या हो सकती है?

जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिले पूर्व विधायक मोरवाल

# 15 दिन में समाधान नहीं तो घेराव की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने बड़नगर आगमन पर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि 15 दिवस के भीतर समाधान नहीं हुआ तो जनहित में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

ज्ञापन में ग्राम पीरझलार निवासी लक्ष्मण सिंह का मामला प्रमुखता से उठाया गया। मोरवाल ने आरोप लगाया कि पंचायत के विकास कार्यों



की जानकारी मांगने पर लक्ष्मण सिंह के खिलाफ षड्यंत्रपूर्वक एफआईआर दर्ज कराई गई, जिसके विरोध में उन्हें धरने पर बैठना पड़ा। उन्होंने एफआईआर वापस लेने तथा मांगी गई जानकारी दो दिन में उपलब्ध कराने की मांग की।

- **चामला नदी की बदहाली पर सवाल-** मोरवाल ने चामला नदी स्थित पाला डेम में गंदगी, रेत, मलबे, मिट्टी और प्लास्टिक जमा होने का मुद्दा उठाया। नदी में मृत पशुओं के अवशेष पड़े होने से दुर्गंध और प्रदूषण की स्थिति बनी होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने नगर पालिका पर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।
- **गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जांच की मांग-** ज्ञापन में नगर की गैस एजेंसियों से ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी का मामला भी उठाया गया। पूर्व विधायक ने इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।
- **सड़क निर्माण और मंडी की अव्यवस्थाएं भी उठाई-** जहांगीरपुर-इंगोरिया मार्ग के निर्माण में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की गई। वहीं कृषि उपज मंडी के शेडों पर व्यापारियों का माल रखे होने से बारिश में किसानों की उपज भीगने की समस्या बताई गई। पूर्व विधायक ने कहा कि समस्याओं का समयसीमा में निराकरण नहीं होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों के साथ आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर सेवादल अध्यक्ष वानिश राज कटारिया, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला सहित जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता और पीरझलार के ग्रामीण मौजूद रहे।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार, 23 अगस्त, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### करीब पौने सात सौ ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ

**इंदौर।** जन-विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविर में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने घोषणा करते हुए कहा कि सांवेर तहसील के 3 ग्रामों की शासकीय भूमि आबादी मद में परिवर्तित की गई है, जिसमें 137 मकानों के पट्टे का वितरण होगा तथा लगभग 670 व्यक्तियों को इसका लाभ प्राप्त होगा। बताया गया कि ग्राम कदवालीखुर्द की भूमि सर्वे नम्बर 199 रकबा 0.793 हैक्टेयर में से 0.405 हैक्टेयर शासकीय मद से आबादी मद में परिवर्तित की गई। उक्त आबादी भूमि में लगभग 12 मकान बने हैं जिसमें 40 लोग निवासरत हैं तथा 20 मकान और बन सकते हैं। इस प्रकार लगभग 32 मकानों को पट्टे वितरण होना है जिससे लगभग 150 लोगों को लाभ मिलेगा।

### महिला आयोग की इंदौर में जनसुनवाई सम्पन्न

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा इंदौर में जनसुनवाई (संयुक्त बेंच) का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त बेंच के समक्ष कुल 33 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा यादव, सदस्य श्रीमती साधना स्थापक एवं सचिव सुरेश तोमर ने आवेदिकाओं एवं अनावेदक पक्षों को सुनते हुए प्रकरणों की सुनवाई की। इनमें से 17 प्रकरण नस्तीबद्ध किए गए, जबकि शेष प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में महिला प्रताड़ना, दहेज प्रताड़ना, साइबर अपराध, हत्या, घरेलू अत्याचार, यौन शोषण, पारिवारिक विवाद, मारपीट सहित अन्य मामलों से संबंधित प्रकरण शामिल रहे।

### कुष्ठ में नवाचार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना

**इंदौर।** राज्य स्तरीय 'राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम' के अंतर्गत दो दिवसीय बैठक का आयोजन इंदौर में किया गया। बैठक में प्रदेश के 44 जिलों के जिला कुष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम की समीक्षा एवं दक्षता निर्माण पर विशेष चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी और डीएलओ डॉ. शरद गुप्ता को 'राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम' के अंतर्गत उनके उल्लेखनीय योगदान और बेहतरीन काम के लिए सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एडिशनल डीजीएचएस डॉ. अंजना राजकुमार, सेंट्रल लेप्रोसी डिवीजन के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (लेप्रोसी) डॉ. सुनील गीते और नेशनल प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रश्मि शुक्ला द्वारा दिया गया।

### जैविक खेती करने वाले किसानों के फार्म का किया भ्रमण



**इंदौर।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत संयुक्त संचालक कृषि इंदौर संभाग श्री सिंह द्वारा आज इंदौर जिले के विकासखंड इंदौर के ग्राम मोरोंदहाट में कृषक श्री दिलीप सिंह तोमर के एग्रो टूरिज्म फार्म, जैविक फार्म एवं गौशाला का भ्रमण किया गया। इस दौरान फार्म पर संचालित विभिन्न कृषि गतिविधियों का अवलोकन किया गया। कृषक श्री दिलीप सिंह तोमर ने बताया कि उनके पास 45 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें से लगभग 35 एकड़ भूमि पर विगत कई वर्षों से परिवार द्वारा जैविक खेती की जा रही है। उत्पादित जैविक उपज का प्रसंस्करण कर उपभोक्ताओं को सीधे विक्रय किया जाता है। उन्होंने बताया कि लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में एग्रो टूरिज्म फार्म विकसित किया गया है। यहां तालाब, लकड़ी से बने घर एवं पौधरोपण सहित ग्रामीण परिवेश विकसित किया गया है। फार्म पर विभिन्न प्रकार की सब्जियों का जैविक उत्पादन भी किया जा रहा है। आगंतुकों द्वारा पूर्व बुकिंग के माध्यम से यहां विवाह समारोह, जन्मदिन एवं सप्ताहांत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। फार्म पर गौशाला भी संचालित है, जिसमें लगभग 40 गिर नस्ल की गायें हैं। इनसे प्राप्त दूध एवं घी का विक्रय किया जाता है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फार्म पर बायो डिजास्टर लगाया गया है।

## नैनो न्यूज

- **खरगोन में बड़ा हादसा टला** – गूगल मैप के शॉर्टकट के चलते 53 छात्रों से भरी बस खतरनाक घाट पर पहुंचकर करीब 1000 फीट गहरी खाई के मुहाने पर अटक गई। सभी छात्र सुरक्षित हैं।
- **बैतूल में सड़क हादसा** – मुलताई के पास तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से टकराई। हादसे में तीन लोगों की मौत और छह लोग घायल हुए।
- **रतलाम में डोडाचूरा जब्त** – पुलिस ने कंटेनर से कंबलों के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 106 किलो डोडाचूरा पकड़ा और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।
- **एमपी में छात्रसंघ चुनाव की तैयारी** – नौ साल बाद होने वाले छात्रसंघ चुनावों को लेकर कांग्रेस ने 13 क्षेत्रीय प्रभारी नियुक्त किए हैं।
- **शिक्षकों की पोस्टिंग पर हाईकोर्ट का आदेश** – मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकार को चयनित शिक्षकों की पोस्टिंग मेरिट और काउंसलिंग में दी गई पसंद के आधार पर करने को कहा।
- **सांप के डसने से पांच मौतें** – प्रदेश में 24 घंटे के दौरान सर्पदंश से पांच लोगों की मौत की खबर सामने आई। सरकार डिजिटल स्नेक-ट्रैकिंग सिस्टम की तैयारी कर रही है।
- **कैलारस शुगर मिल फिर शुरू होगी** – मुरैना की वर्षों से बंद कैलारस शुगर मिल को दोबारा शुरू करने की प्रक्रिया तेज हुई है।

त्योहारी सीजन से पहले महंगाई का झटका, कम उत्पादन और बढ़ती मांग ने बढ़ाया दबाव

# महंगाई की मारः शक्कर के बढ़ते भाव से बिगड़ा घरों का बजट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले शक्कर के दामों में तेज उछाल ने आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। देश के कई बाजारों में पिछले कुछ सप्ताह में चीनी की कीमतों में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई है। कुछ बाजारों में खुदरा भाव 60 से 70 रुपए किलो तक पहुंचने की खबर है।



मध्यप्रदेश में भी चीनी के थोक बाजार में तेजी का असर दिखाई दे रहा है। 17 अगस्त के बाजार आंकड़ों में मध्यप्रदेश के लिए चीनी के भाव करीब 49.40 से 50.40 प्रति किलो के स्तर पर बताए गए थे, जबकि ये दरें जीएसटी से अलग थीं।

चीनी के बढ़ते दाम के पीछे इस बार घरेलू उत्पादन में कमी, मौसम के कारण गन्ने की फसल को हुआ नुकसान और आने वाले त्योहारी सीजन में बढ़ने वाली मांग को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। केंद्र सरकार ने भी 21 अगस्त को कहा कि कीमतों में तेजी के पीछे कम उत्पादन, त्योहारी मांग, मौसम संबंधी नुकसान, वैश्विक आपूर्ति की स्थिति तथा कुछ स्तरों पर जमाखोरी और सट्टेबाजी जैसे कारण हैं। सरकार ने एथेनॉल उत्पादन को मौजूदा मूल्य वृद्धि का मुख्य कारण मानने से इनकार किया है।

### चाय से मिठाई तक हुआ इसका असर

शक्कर महंगी होने का सीधा असर घरेलू बजट पर पड़ रहा है। चाय-कॉफी से लेकर मिठाई, बेकरी और अन्य खाद्य उत्पादों की लागत पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। त्योहारी सीजन में मिठाई और अन्य शक्कर आधारित उत्पादों की मांग बढ़ने से आने वाले दिनों में बाजार पर और दबाव रहने की आशंका है। व्यापारियों और उपभोक्ताओं की नजर अब सरकार के आयात और स्टॉक नियंत्रण संबंधी फैसलों के असर पर है। यदि अतिरिक्त चीनी की आपूर्ति समय पर बाजार में पहुंचती है तो कीमतों में राहत मिलने की उम्मीद है, अन्यथा त्योहारी मांग के बीच आम आदमी को महंगी शक्कर का सामना करना पड़ सकता है।

### सरकार ने उठाए कई कदम

बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। डीलरों के लिए स्टॉक रखने की सीमा तय की गई है और थोक उपभोक्ताओं के स्टॉक पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि बड़ी मात्रा में चीनी रोककर बाजार में कृत्रिम कमी पैदा न की जा सके। इसके अलावा सरकार ने 10 लाख मीट्रिक टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है। यह व्यवस्था 31 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगी। सरकार को उम्मीद है कि अतिरिक्त आपूर्ति बाजार में पहुंचने से कीमतों पर दबाव कम होगा।

सीएम के निर्देश पर निलंबन; जांच रिपोर्ट में गंभीर आरोपों का खुलासा

# सीएसपी पच्चीसिया पर एफआईआर के बाद सख्त एक्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/कटनी**

मध्यप्रदेश के कटनी में नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) नेहा पच्चीसिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन पर लगे गंभीर आरोपों की जांच के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामले में उनके साथ दो अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। जांच की जिम्मेदारी जबलपुर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस अनु बेनीवाल को सौंपी गई थी। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई हुई।

नेहा पच्चीसिया पर कटनी में पदस्थापना के दौरान अलग-अलग मामलों में गंभीर आरोप सामने आए। इनमें ट्रांसपोर्टर से कथित अवैध वसूली, जमीन सौदे में दबाव बनाने और पुलिस पद का कथित दुरुपयोग करने जैसे आरोप शामिल हैं। शुरूआती शिकायत में एक ट्रांसपोर्टर ने वाहन छोड़ने के बदले 30 हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया था। शिकायत के बाद उनके चालक को निलंबित किया गया और उनके कार्यक्षेत्र से तीन थानों का प्रभार भी वापस लिया गया था।



जमीन सौदे से जुड़े मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर नेहा पच्चीसिया सहित तीन लोगों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। रिपोर्टों के अनुसार आरोप है कि जमीन मालिक पर दबाव बनाकर जमीन कम कीमत में खरीदने की कोशिश की गई। हालांकि इन आरोपों का अंतिम न्यायिक निर्धारण अभी बाकी है।


### कटनी से हटाकर जबलपुर भेजी गई जांच

मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कटनी में चल रही जांच को जबलपुर स्थानांतरित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनु बेनीवाल ने शिकायतकर्ता और संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए। जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर की कार्रवाई आगे बढ़ी। एफआईआर दर्ज होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिदेशक को नेहा पच्चीसिया के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद उनके निलंबन की कार्रवाई की गई। सरकार की इस कार्रवाई को पुलिस विभाग में जवाबदेही और पद के कथित दुरुपयोग के मामलों पर सख्त संदेश के तौर पर देखा जा रहा है।

### पहले भी हटाया जा चुका था तीन थानों का प्रभार

नेहा पच्चीसिया के खिलाफ शिकायत सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई हुई थी। उनके कार्यक्षेत्र से कुठला, माधवनगर और रंगनाथ नगर थानों का प्रभार वापस लेकर दूसरे अधिकारी को सौंपा गया था। साथ ही कथित वसूली मामले में उनके चालक पर भी कार्रवाई की गई थी।

### वर्दी की जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल



इस पूरे प्रकरण ने पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली, पद के प्रभाव और शिकायतों की निष्पक्ष जांच को लेकर सवाल खड़े किए हैं। एक ओर पुलिस विभाग से कानून-व्यवस्था और आम लोगों को न्याय दिलाने की अपेक्षा रहती है, वहीं दूसरी ओर किसी पुलिस अधिकारी पर ही वसूली और पद के दुरुपयोग जैसे आरोप लगना विभाग की छवि के लिए गंभीर विषय माना जाता है। अब निगाहें आगे होने वाली विभागीय और न्यायिक कार्रवाई पर हैं।

# इंदौर से जुड़े अंतरराष्ट्रीय स्मगलिंग के तार, तस्करों ने बनाया नया ठिकाना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में वन्यजीवों की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पहले टाइगर, हिरन और सांपों के कई तस्करी के मामले हुए हैं जिनमें अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक तस्करी के कनेक्शन मिले हैं। अभी हाल ही में 30 कछुओं के साथ पकड़े गए 2 आरोपियों से पूछताछ में भी वन विभाग को वन्यजीव तस्करी के बड़े नेटवर्क के संकेत मिले हैं। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने मूसाखेड़ी निवासी केशव शर्मा और रोहन गौड़ को कछुओं की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद 24 अगस्त तक वन विभाग की रिमांड पर लिया है। जांच दल के सूत्रों के मुताबिक इंदौर को मध्यभारत में तस्कर मुख्य केंद्र के रूप में तैयार कर रहे हैं। यहां से आसपास के राज्यों तक वन्यजीवों की तस्करी होती है और फिर अन्य राज्यों से इन्हें अंतराराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया जाता है।

### अन्य राज्यों से जुड़े तार

अब जांच का फोकस सिर्फ बरामद कछुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके पीछे मौजूद सप्लायर, खरीदार और दूसरे राज्यों तक फैले नेटवर्क को खंगालने पर है। शुरूआती पूछताछ में आरोपियों के संपर्क महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों से जुड़े मिले हैं। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि कछुए कहां से लाए गए, किसके जरिए इंदौर पहुंचाए गए और आगे किन लोगों को इनकी सप्लाई की जानी थी। जांच में यदि कड़ियां जुड़ती हैं तो वन्यजीवों की तस्करी करने वाले एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। इन कछुओं की डिमांड इंदौर के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर तक होती है।

### आरोपियों ने बांट रखे थे अपने काम

जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपियों के बीच काम बंटा हुआ था। केशव ग्राहकों से संपर्क कर कछुओं का सौदा करता था, जबकि रोहन उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाने का काम करता था। अब अधिकारियों की कोशिश यह पता लगाने की है कि दोनों के पीछे कौन लोग सक्रिय थे और उन्हें कछुओं की नियमित सप्लाई कौन कर रहा था।

# कुबेरेश्वरधाम जाने के लिए यात्री वाहनों के लिए रूट बदले

25 अगस्त तक इंदौर-भोपाल के रास्तों पर रहेगा डायवर्जन, भारी वाहन भी प्रतिबंधित रहेंगे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

सावन के अंतिम सोमवार और 25 अगस्त को पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में सीवन तट से कुबेरेश्वरधाम तक निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए 23 अगस्त सुबह 6 बजे से 25 अगस्त रात 12 बजे तक जिले में डायवर्जन लागू रहेगा। भोपाल-इंदौर हाईवे पर भारी कमर्शियल वाहनों की आवाजाही रोककर उन्हें वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। भोपाल से देवास-इंदौर जाने वाले भारी वाहनों को परवलिया थाना क्षेत्र के मुबारकपुर जोड़ और खजूरी थाना क्षेत्र के तुमड़ा जोड़ से डायवर्ट किया जाएगा। इसके बाद वाहन श्यामपुर, कुरावर, ब्यावरा, शाजापुर और मक्सी होते हुए देवास-इंदौर पहुंचेंगे।

### इंदौर से भोपाल आने वाले भारी वाहनों का रूट बदला

इंदौर और देवास की ओर से भोपाल जाने वाले भारी वाहनों को देवास से ही डायवर्ट किया जाएगा। ये वाहन मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा, कुरावर और श्यामपुर होते हुए भोपाल की ओर जाएंगे। खातेगांव-कन्नौद की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को आष्टा, शुजालपुर और पचोर होते हुए ब्यावरा की ओर भेजा जाएगा।

### कार और बसों को करीब 9 किलोमीटर अतिरिक्त सफर

छोटे और यात्री वाहनों के लिए भी अलग रूट तय किया गया है। भोपाल से आष्टा, देवास, उज्जैन और इंदौर जाने वाली कार, बस और अन्य यात्री वाहनों को सीहोर के न्यू क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ और अमलाहा होते हुए आगे भेजा जाएगा। इस डायवर्जन से छोटे वाहनों को करीब 9 किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ेगा।

ट्रेन से सीहोर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुबेरेश्वरधाम जाने के दो रास्ते बताए गए हैं। एक मार्ग मछली पुल से कोतवाली चौराहा होते हुए नदी चौराहा तक है। दूसरा रास्ता तहसील चौराहा से मनकामेश्वर मंदिर होते हुए नदी चौराहा तक जाता है। हालांकि, निर्माण कार्य के कारण इस मार्ग पर आवाजाही प्रभावित हो सकती है।

### जन-विश्वास शिविर में ग्राम लसुड़िया परमार में उमड़ा जनसैलाब

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शासन-प्रशासन को गांव की चौपाल तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 के तहत आज शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र सांवेर के ग्राम लसुड़िया परमार जिला इंदौर में जन-विश्वास शिविर आयोजित किया गया। डॉ. अंबेडकर सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और अनेक मामलों में मौके पर ही समाधान की कार्रवाई की। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# पर्याप्त बारिश के अभाव में कुएं-बावड़ियां सूखे

### भू-अभिलेख के मुताबिक क्षेत्र में अब तक 16 इंच बारिश दर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां**


पिछले एक सप्ताह से मानसून की बेरुखी के चलते क्षेत्र में फसलों पर विपरीत असर दिखाई देने लगा है। मानसून के दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद क्षेत्र के कई कुएं, बावड़ियां और नाले अभी भी सूखे पड़े हैं। झमाझम बारिश नहीं होने से खेतों की नमी लगातार कम होती जा रही है। भू-अभिलेख के मुताबिक क्षेत्र में वर्तमान मानसून में अब तक करीब 16 इंच बारिश दर्ज की गई है।

क्षेत्र में अब तक हुई बारिश के दौरान कई नालों में पर्याप्त पानी का बहाव नहीं हुआ है। जलस्त्रोतों में भी पानी की आवक अपेक्षा के अनुरूप नहीं होने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ने लगी है। किसानों का कहना है कि बारिश का अंतराल बढ़ने से सोयाबीन के खेतों में नमी तेजी से कम हो रही है।

### पौधों की ग्रोथ पर असर, पत्तियां मुरझाने लगीं

किसान शंकरलाल ने बताया कि पर्याप्त बारिश के अभाव में सोयाबीन के पौधों पर साफ असर दिखाई देने लगा है। पौधों की ग्रोथ प्रभावित हो रही है। कई खेतों में पत्तियां मुरझाने लगी हैं और फसल पर विपरीत प्रभाव दिखाई देने लगा है। किसानों को अब अच्छी बारिश का इंतजार है। आगामी दिनों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो फसल उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।

### मानसून की बेरुखी



मानसून की बेरुखी के कारण किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। खेतों में नमी बनाए रखने के लिए पर्याप्त बारिश जरूरी है। किसानों का कहना है कि समय पर झमाझम बारिश होने से फसल को नई जान मिल सकती है।

वहीं बारिश में और देरी हुई तो सोयाबीन की फसल को नुकसान के साथ उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है।

### इधर, इल्ली के प्रकोप ने बढ़ाई चिंता

मानसून की बेरुखी के साथ ही इल्ली के प्रकोप ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। अचानक इल्ली का प्रकोप बढ़ने से सोयाबीन के पौधों की पत्तियों को नुकसान पहुंच रहा है। अब इल्ली फ्लावर और फलियों को भी प्रभावित करने लगी है। किसानों ने महंगी दवाइयों का छिड़काव किया, लेकिन वर्तमान मौसम में दवाओं का अपेक्षित असर नहीं होने से किसान परेशान हैं।

**नारेला खुर्द सिंचाई तालाब में भी पर्याप्त पानी नहीं-** किसान धर्मराजसिंह चौधरी ने बताया कि वर्तमान में नारेला खुर्द सिंचाई तालाब में आंशिक रूप से ही पानी आया है, जबकि पिछले वर्ष इस समय तक तालाब में पर्याप्त पानी एकत्रित हो चुका था। इस बार दो माह से अधिक समय बीतने के बावजूद तालाब में पर्याप्त पानी एकत्रित नहीं हो सका है। इसका असर क्षेत्र के जलस्तर पर भी पड़ रहा है। किसानों को उम्मीद है कि आगामी दिनों में अच्छी बारिश होने से तालाब, कुएं-बावड़ियां और अन्य जलस्त्रोत लबालब हो सकेंगे तथा फसलों को भी राहत मिलेगी।

# बड़ी हुई उम्र का अच्छी तरह से जीने का राज, वरिष्ठ नागरिकों के लिए डॉक्टर का विशेष संदेश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आप और अच्छी तरह से जी सकते है अगर यह चीजे अपने जीवन में अपनाये वरिष्ठ नागरिकों के लिए उक्त बात. सीनियर प्रोफेसर डॉ विजय गर्ग कहते हुई बताया कि उम्र में 60/वर्ष पश्चात शरीर के जोड़ो की बीमारी ,पेशाब की बीमारी,कब्ज़ियत की बीमारी,अकेलेपन की बीमारी,दिल की बीमारी ,शकर की बीमारी,भूख ना लगने की बीमारी,नींद ना आने की बीमारी,भूलने की बीमारी,दाँतो की बीमारी,आखों की बीमारी,बार बार फेक्कर होना ,कमर में दर्द ,कम सुनने की बीमारी,सोचस्थल और स्नान पर गिरने की बीमारी का अनुपात कुछ अधिक होता है डॉ गर्ग कहते है इस लिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए अपनाये। अपने को तनाव मुक्त रखें ,प्रकृतिक जीवन जिए ,पैदल चले,बागवानी करे ,अपने जीवन के मकसद को साफ रखें ,मुस्कुरायें ,धूप में बैठे आधा घंटे ,अच्छे दोस्त और रिस्तेदारों के साथ ,धर्म पत्नी अपने पोते-पोतियो के साथ अपना समय व्यतीत करें ,हरी सब्जी खाये ,एवम फल प्रतिदिन खाए,खाने को चबा चबा कर खाये,योग करें ध्यान करे ,दवा बिना डाक्टर की सलाह के नहीं खाए विशेषकर दर्द निवारक नहीं खाए हर तीन माह में घूमने जाए अपने बच्चों से ज्यादा अपेक्षा ना रखें दुश्मनी ,कोर्ट कचहरी का चक्कर इस उम्र में बुराई चुगली से बचे इसलिए जरूरी है की आप ध्यान दें इस उम्र मे अपनी पत्नी आपकी सबसे अच्छी दोस्त है प्रति वर्ष अपना हेल्थ चेकअप करवाए ।

## न्यूज कालम



## पटवारी निलंबन निर्देश पर संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**खरगोन।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत ग्राम पिपलझोपा में आयोजित शिविर में कलेक्टर ने पटवारी को निलंबित करने के मौखिक निर्देश दिए थे। इस निर्देश के दूसरे ही दिन प्रान्तीय पटवारी संघ भगवानपुरा ने विरोध दर्ज कराते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। तहसील कार्यालय में एकत्रित पटवारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने बताया कि 21 अगस्त को पिपलझोपा में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शिविर लगा था। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायत के शिकायतकर्ता विरेन्द्र देवनारायण निवासी राजपुरा से मंच पर चर्चा की। इसके बाद कलेक्टर ने तत्कालीन हल्का पटवारी को निलंबित करने के लिए एसडीएम खरगोन को मौखिक निर्देश दिए। संघ ने बताया कि उक्त शिकायत 19 अगस्त 2026 को ही संतोषपूर्वक बंद कर दी गई थी। शिकायतकर्ता को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की दो किश्तें 22 फरवरी 2025 और 3 अगस्त 2025 को मिल चुकी हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के पंजीकरण कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से होते हैं। बावजूद इसके पटवारी को दोषी ठहराना उचित नही है। पटवारी का इस योजना के पंजीकरण से लेकर स्थिति देखने तक में कोई व्यक्तिगत उत्तरदायित्व नहीं है।

## 30 अगस्त को निकलेगा भगवान श्री सिद्धनाथ का शिवडोला

**खरगोन।** राजाधिराज अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेवजी भादौ बदी दूज 30 अगस्त को शाही ठाठ-बांट व विशाल लाव-लश्कर के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। आराध्य देव के दर्शन-पूजन के लिए जिले सहित प्रदेश भर के श्रद्धालु आएंगे। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन ने पुख्ता सुरक्षा इंतजाम शुरू कर दिए है। समूचे शिवडोला मार्ग पर 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है, जिनके माध्यम से एक ही स्थान से संपूर्ण शिवडोला की निगरानी की जाएगी। सार्वजनिक श्रावण मास शिवडोला समिति के सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि भादो बदी दूज, 30 अगस्त को भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव का वार्षिक नगर भ्रमण होगा। इस वर्ष भी तीन से चार लाख के करीब श्रद्धालु शिवडोला में आने की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा समूचे आयोजन में कोई विघ्न न पड़े इसके लिए पुलिसञप्रशासन भी विभिन्न प्रकार की तैयारियां कर रहा है। पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार समूचे शिवडोला मार्ग व शहर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों को सीसीटीवी कैमरे से लैस कर निगरानी रखी जाएगी। वही शिवड़ोले में भी सीसीटीव्ही कमांड व्हीकल द्वारा निगरानी कर मानीटरिंग की जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम में लगाई गई पांच एलईडी स्क्रीन पर इसे देखा जाएगा।

## कपास गठानों के मामले में बैंक की सफाई, आरोपों को बताया निराधार

**सनावद।** कपास की गठानों को लेकर व्यापारी अखिलेश पटेल द्वारा बुलढाणा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक, सनावद शाखा पर लगाए गए आरोपों के बाद बैंक प्रबंधन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपना पक्ष सामने रखा है। बैंक ने लगाए गए आरोपों को निराधार, भ्रामक और तथ्यों से परे बताते हुए कहा कि संस्था निर्धारित नियमों, पारदर्शिता और दस्तावेजी प्रक्रिया के अनुसार कार्य करती है। बैंक के अनुसार मामला कपास की गठानों में पत्थर (पेपर ब्लॉक) रखे जाने के कथित प्रकरण से जुड़ा है। बैंक का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सनावद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, साथ ही नोटिस के माध्यम से भी सूचना दी गई थी। बैंक ने अपनी सफाई में बताया कि इसके बाद कुछ कपास गठानों की बिक्री किए जाने की बात सामने आई। बैंक के मुताबिक संबंधित व्यक्ति द्वारा संस्था को लिखित सहमति पत्र दिया गया था। साथ ही कपास की गठानों में मिलावट किए जाने का उल्लेख करने वाला शपथ पत्र भी संस्था को दिए जाने का दावा बैंक ने किया है। बैंक का आरोप है कि अब संबंधित व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए संस्था की छवि खराब करने का प्रयास कर रहा है। बैंक ने कहा कि उसके पास अपने पक्ष को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज और साक्ष्य उपलब्ध हैं।

## बड़वानी में उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**बड़वानी ।** मध्य प्रदेश शासन लोक सेवा , चिकित्सा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उमंग हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद दिवस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में 21 अगस्त को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन, जिला चिकित्सालय बड़वानी के सहयोग से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ डी.के वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री हरीश वर्मा खेल अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ का हीमोग्लोबिन टेस्ट ,ब्लड प्रेशर टेस्ट,बीएमआई टेस्ट, ओरल टेस्ट,आंखों की जांच जिला चिकित्सालय से आए विभिन्न नर्सिंग स्टाफ द्वारा की गई। जिला चिकित्सालय बड़वानी की ओर से डॉ दानिश आजमी पी जी एम ओ चिकित्सक,गीतिका पाबले बंधपत्र दंत चिकित्सक, डॉ रोहान कुमावत बंधपत्र दंत चिकित्सक, डॉ. प्रांकुर शुक्ला दंत चिकित्सक सहित पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित था।

## 23 अगस्त को बंद रहेगी बड़वानी शहर में विद्युत सप्लाई

**बड़वानी ।** समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 23 अगस्त दिन रविवार को समय प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक 11 के.व्ही. एक्सप्रेस फिडर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जावेगा, जिस कारण निम्न क्षेत्रों की विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी महिला अस्पताल, जिला अस्पताल, जिला न्यायालय, मुकाती सोनोग्राफी, जिला जेल क्वार्टर, के क्षेत्र। कार्य अनुसार निर्धारित समय-सीमा घटाई या बढ़ाई जा सकती हैं।

## श्री दिव्य बालाजी कॉलोनी में हुआ आरम्भ कावड़ यात्रा का स्वागत

**खंडवा।** आरंभ ग्रुप द्वारा देवझिरी भोजाखेड़ी से भीमकुंड (खंडवा) तक तृतीय वर्ष की कावड़ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सुबह 10 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की यात्रा के दौरान छैगांव माखन स्थित श्री दिव्य बालाजी कॉलोनी में बालाजी ग्रुप द्वारा सभी कावड़ियों का माला पहना कर और पुष्प वर्षा कर के स्वागत किया गया। साथ ही कावड़ यात्रियों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। बालाजी ग्रुप के संस्थापक और समाजसेवी कॉलोनाइजर रितेश गोयल ने बताया कि कावड़ियों और शिवभक्तों की सेवा करने का अवसर मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। कावड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि क्षेत्र में सुख, समृद्धि और आपसी भाईचारे के लिए की जाने वाली साधना है।

# हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजा नलवा, जगह-जगह हुआ कावड़ यात्रियों का स्वागत

### नलवा से ओंकारेश्वर तक निकली भव्य कावड़ यात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



नलवा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगल कामना को लेकर मनोकामनेश्वर महादेव मंदिर नलवा से ममलेश्वर महादेव मंदिर ओंकारेश्वर तक भव्य मनोकामनेश्वर कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में ग्रामवासियों, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राम नलवा से ही हर-हर महादेव और च्बोल बमज्ज के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

यात्रा संयोजक भाजपा मंडल अध्यक्ष इंजी. सोहन यादव के नेतृत्व में निकली कावड़ यात्रा में श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ शामिल हुए। कावड़ लेकर श्रद्धालुओं ने ओंकारेश्वर पहुंचकर भगवान ममलेश्वर महादेव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए प्रस्थान किया।

कावड़ यात्रा में महानिवार्णी अखाड़े के श्री श्री 1008 पूज्य स्वामी श्याम चैतन्य पुरी महाराज जी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। संत के आशीर्वचन से श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार हुआ।

यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा, स्वागत एवं अल्पाहार के साथ आत्मीय अभिनंदन किया गया। स्वागत स्थलों पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। यात्रा के दौरान बड़वाह विधायक सचिन बिरला, सर्व समाज संगठन, प्रजापति समाज, सेन समाज, करणी सेना, भाजपा नगर मंडल, विशाल यादव मित्र मंडल, गौशाला समिति, जयस परिवार, करणी सेना परिवार, श्री गुर्जर युवा संगठन, किसान पुत्र विजय चौधरी, राकेश नेताजी, विनोद जायसवाल, अर्जुनसिंह गौड़, दशरथ चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, मायचंद सरपंच, गुरुदयाल सेजगाया, राजू सेन, नायरा पंप, शिव रांडवा, नटराज परिवार, नीतू यादव, रशीद जोया, जयराम करोड़ा, खुमानसिंह तोमर, रोशन तोमर मित्र मंडल, मंशाराम यादव एवं मोनू यादव मित्र मंडल सहित अनेक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया।

कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूरे मार्ग में शिवभक्ति का माहौल बना रहा और हर-हर महादेव, बोल बम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। आयोजन की सफलता पर यात्रा संयोजक इंजी. सोहन यादव ने सभी सहयोगियों, ग्रामवासियों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



## सनावद में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का अनोखा विरोध

सनावद-महंगाई के मुद्दे पर सनावद में शनिवार को सियासत गरमा गई। शक्कर के बढ़ते दाम, यात्री बस किराए में वृद्धि और बिजली बिलों में बढ़ते बोझ के विरोध में कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया। ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में निकाली गई च्महंगाई की शव यात्राज्ज कांग्रेस कार्यालय बापा मैशन, खरगोन रोड से शुरू हुई।

हाथों में विरोध के प्रतीक और सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए कार्यकर्ता शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड स्थित गांधी प्रतिमा तक पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने च्चंदा चोर कहां मिलेंगे, बीजेपी के दफ्तर में—जनता को राहत दोज्ज जैसे नारे लगाकर सरकार पर निशाना साधा।

ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल और शहर अध्यक्ष आशीष चौधरी ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। शक्कर से लेकर बिजली और सफर तक, हर तरफ बढ़ते खर्च ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नरेंद्र पटेल ने सरकार से शक्कर के बढ़े दाम, बस किराया और बिजली बिलों में हुई वृद्धि वापस लेने की मांग की।

# शराब किसने पकड़वाई? इसी 'शक' ने गांव को बनाया पुलिस छावनी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



धूलकोट क्षेत्र के ग्राम गंभीरपुरा में अवैध शराब पकड़वाने की कथित सूचना को लेकर उपजा शक गुरुवार रात हिंसक बवाल में बदल गया। शक इतना गहराया कि पहले 25-30 लोगों ने शिवा बाबा मेला समिति अध्यक्ष के घर पर पथराव कर दिया, दोनों पक्षों में मारपीट हुई और फिर कानून-व्यवस्था संभालने पहुंची पुलिस भी हमले की चपेट में आ गई।

एक दिन पहले अवैध शराब पकड़े जाने की सूचना आबकारी विभाग तक किसने पहुंचाई, इसी को लेकर विवाद शुरू हुआ। गांव में कुछ लोगों को शक था कि सूचना मेला समिति अध्यक्ष रूप सिंह पंवार ने दी है। रूप सिंह का कहना है कि समिति जरूरत पड़ने पर पुलिस को सूचना देती है, लेकिन इस मामले में उन्होंने कोई शिकायत नहीं की थी। इसी शक पर गुरुवार रात 8 बजे 25-30 लोग एकमत होकर उनके घर पहुंचे।

पथराव और मारपीट में दोनों पक्षों के कुल 7 लोग घायल हुए। रूप सिंह पक्ष से कानू श्याम सिंह के सिर में गंभीर चोट, मुरली यमराज, बच्चन भिले सिंह, प्रकाश चेन सिंह, मन्नू भिले सिंह घायल। दूसरे पक्ष से दिनेश रघुनाथ और सुनील मुन्नालाल घायल। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पुलिस ने बयान लिए।

पथराव और दरवाजे तोड़े जाने की सूचना पर निंबोला टीआई राहुल कांबले और धूलकोट चौकी प्रभारी कमल मोरे टीम के साथ गांव पहुंचे। रघुनाथ के घर के सामने आम रोड पर महिला-पुरुषों की बड़ी भीड़ चिल्ला-चोट कर रही थी। पुलिस ने समझाइश का प्रयास किया तो हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ गए। स्नढ्ढक्र में आरोप है कि भीड़ ने गाली-गलौज की, वाहन रोकने की कोशिश की और शासकीय कार्य में बाधा डाली। तनाव के बीच भीड़ ने पुलिस पर ही पत्थर फेंक दिए।

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तृतीय सप्ताह में वार्ड 5 एवं 6 का भ्रमण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तृतीय सप्ताह के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री निशिकांत शुक्ला के नेतृत्व में नगर पालिका के समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान संबंधित वार्ड पार्षद भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान नागरिकों से संवाद कर शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना, समग्र द्र-यह्वष्ट, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याण पेंशन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में नकली, अजनाद, लक्ष्मी डोडवे एवं लल्लू शुक्ला शामिल रहे। भ्रमण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री निशिकांत शुक्ला ने वार्ड में चल रहे कार्यों एवं अभियान की प्रगति का जायजा लिया। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए फटकार लगाई तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने और सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान वार्ड पार्षद, नगर पालिका के विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ जनों का सम्मान

**खंडवा।** वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर सद्भावना मंच ने वरिष्ठजनों के सम्मान, सुरक्षा और उनके समाज में महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक किसी भी परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं।उन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा परिवार,समाज और देश के निर्माण में समर्पित किया है।उनके अनुभव, संस्कार और जीवन संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल के अनुसार उन्होंने कहा कि आज के बदलते सामाजिक परिवेश में वरिष्ठ नागरिकों को प्रेम, सम्मान और अपनापन देना हम सभी की जिम्मेदारी है। बुजुर्गों की जरूरत केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें परिवार के साथ, बातचीत, सम्मान और भावनात्मक सहयोग की भी आवश्यकता होती है।

## संत रविदास जयंती वर्ष पर समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ

**बड़वानी:-** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की ६५०वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समरसता संकल्प अभियान कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ गुरुवार को बड़वानी स्थित रविदास भवन से किया गया। जनजातीय कार्य विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, अजा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समरसता संकल्प अभियान के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी रहे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, बड़वानी विधायक राजेन्द्र मंडलोई, अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भगवतीप्रसाद शिंदे एवं अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहन चितावले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के चित्र का पूजन किया।

# आदिवासी छात्रावास में परोसी गई कीड़े वाली खिचड़ी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिले के सीनियर आदिवासी छात्रावास में बच्चों के भोजन में भारी लापरवाही का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गुरुवार रात छात्रों को परोसी गई खिचड़ी में इल्लियां (कीड़े) रेंगती मिलीं। अपनी थाली में कीड़े देख बच्चों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित छात्र खाना छोड़कर रात करीब 8 बजे लगभग 2 किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए सीधे कलेक्ट्रेट पहुंच गए और आला अधिकारियों से घटिया भोजन की शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने रातों-रात जांच शुरू की। अगले ही दिन छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया।

छात्रों की शिकायत मिलते ही जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा ने तुरंत संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर भागीरथ वाखला और खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम रात में ही हॉस्टल पहुंच गई। जांच के दौरान जो दिखा, वह चौंकाने वाला था। जांच में पाया गया कि भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब थी। खिचड़ी में साफ तौर पर इल्लियां नजर आईं, जबकि कढ़ी में दाल-बेसन से ज्यादा पानी था। इसके अलावा किचन में भारी गंदगी पसरी थी, मसाले खुले में रखे हुए थे और फ्रिज पूरी तरह खाली पड़ा था। हद तो तब हो गई जब मौके पर कोई रसोइया भी मौजूद नहीं मिला। इन गंभीर खामियों और अव्यवस्थाओं को लेकर डिप्टी कलेक्टर ने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाई।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी कमलेश डावर ने बताया कि टीम ने मौके से परोसे गए खिचड़ी और कढ़ी के सैंपल ले लिए हैं। इन्हें जांच के लिए राज्य स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। लैब की रिपोर्ट आने के बाद संबंधितों पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त भरत जांचपुरे ने निलंबन की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में साफ तौर पर भारी लापरवाही और अनियमितताएं सामने आई हैं। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ हुए इस खिलवाड़ के चलते छात्रावास अधीक्षक सम्राट सोनवणे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



## भारतीय वायुसेना में करियर के अवसरों पर विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी में जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए भारतीय वायुसेना में करियर के अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रियाओं पर करियर टॉक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य श्री कुंदन राठौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती आभा जैन रही, जबकि सुश्री प्राची राठौड़ और सुश्री प्रियांशी मायरिया ने समन्वयक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों, आवश्यक योग्यताओं तथा चयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठक शिक्षिका श्रीमति आभा जैन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चातश्री आनंद राज (जूनियर वारंट ऑफिसर(भारतीय वायु सेना), श्री अमानुल्लाह (सी.पी.एल.) एवं श्री टी.एस.डुडवे (जिला रोजगार अधिकारी) ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वक्ताओं ने वायुसेना में उपलब्ध विभिन्न पदों एवं करियर विकल्पों, शैक्षणिक योग्यताओं, प्रवेश एवं चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण, अनुशासन तथा राष्ट्रसेवा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप तक तीन हजार पौधों का वृहद पौधरोपण

**बड़वानी ।** नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत कारंजा चौराहा से अंजड़ नाका तक नवनिर्मित डिवाइडर पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन एवं नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कुल तीन हजार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सुभाष भावसार, श्री निक्कू चैहान, समस्त पार्षदगण, समस्त एल्डरमैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता की।


### सार्वजनिक सूचना

**ए. सी. 25 के. वी. कर्षण को चालू करना**
**(सडक उपभोक्ताओं को चेतावनी)**

रेल्वे लाइनो और परिसरों के सभी उपभोक्ता को एतदद्वारा सूचना दी जाती हैं कि रेल्वे के निम्नलिखित खंड पर 25000 Volts, 50 हर्ट्ज ए. सी. शिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट दिनांक को या उक्त तिथि के बाद उर्जित किया जाएगा। उक्त दिनांक पर और उस दिनांक से शिरोपरि कर्षण लाइन को हर समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति को उस शिरोपरि लाइन के समीप में दाखिल होने या कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

| खंड | लोकेशन | | दिनांक |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| टिहि - धार | लोकेशन कि.मी. 09/04 (चेनेजः 199.80) | वर्तमान लोकैशन कि.मी. 56/09 (चेनेजः 430.20) | 15-09-2026 |

जन साधारण को सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि सड़क सतह से 4.78 मी. को स्पष्ट ऊँचाई पर उचाई गैजे लगाई गई है ताकि बहुत अधिक उचाई वाले लोड़ को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या संपर्क में आने से रोका जा सके। जन साधारण को एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करे और यह देखे कि सड़क वाहन से ढोए जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिलघन न करे।

**अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:**
1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा | 2. वाहन पर ले जाए जा रही सामग्रियों या उपकार को खतरा । 3. चालकों का खतरनाक समीपता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
0507


हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारगणः पुष्पाबाई पिता रामप्रसाद पति ब्रहम्मानंद जाति कुल्मी, निवासी ग्राम लाहौरी तहसील एवं जिला शाजापुर हा.मु. ग्राम ईटावा तहसील तराना जिला उज्जैन व प्रमीलाबाई पिता रामप्रसाद पति दिनेशचन्द्र जाति कुल्मी निवासी ग्राम पालडिया माताजी हा.मू. ईटावा तहसील तराना जिला उज्जैन द्वारा मुझे इस जाहिर सूचना बाबत अधिकृत किया है तदनुसार उपरोक्त दोनों पक्षकारगण द्वारा दी गई जानकारी एवं माहिती अनुसार यह जाहीर सूचना प्रकाशित की जा रही है, तदनुसार पुष्पाबाई व प्रमिलाबाई रामप्रसाद 'पिता बापूसिंह जी कुल्मी निवासी ग्राम ईटावा तहसील तराना की पुत्रिया है। रामप्रसाद पिता बापूसिंह जी कुल्मी निवासी ग्राम ईटावा वाले करीब 20-25 वर्ष से ग्राम ईटावा तहसील तराना जिला उज्जैन से कही अचानक लापता हो गए मेरी उपरोक्त दोनो पक्षकारगण ने जो कि रामप्रसाद जी की पुत्रिया है उनको यानि रामप्रसाद जी को ग्राम ईटावा ग्राम लाहौर ग्राम पालडिया माता व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में नातेदार व रिश्तेदारो में व धार्मिक स्थानों पर खोजने का प्रयास किया गया लेकिन रामप्रसाद जी गत 20-25 वर्ष से मेरी पक्षकारगण को व उनके नातेदार व रिश्तेदारो को रामप्रसाद जी जीवित नहीं मिले न ही उनके बारे में यह भी सुनने में नहीं आया न ही कोई सूचना प्राप्त हुई की रामप्रसाद जी आज तक जीवित है, चुंकी मेरी उपरोक्त पक्षकारगण को ग्राम ईटावा की व दूसरे गांवो की पैतृक अचल संपत्ति, कृषि भूमि इत्यादि जो रामप्रसाद जी की रही है। के संबंध में कार्यवाही करना है तथा 13-14 बीगा जमीन ग्राम ईटावा की जो रामप्रसाद जी की पैतृक संपत्ति होकर उनके हिस्से की है मेरी पक्षकारगण काबिज है इस प्रकार कानूनी रूप से रामप्रसाद पिता बापूसिंह जी निवासी ग्राम ईटावा तहसील तराना वाले को मेरी पक्षकारगण मृत घोषित करते है तथा उनकी सिविल डेथ हो चुकी है यह मान लिया जावे रामप्रसाद जी के लापता होने के संबंध में उज्जैन के भाट की पौथी में भी इन्द्राज है। इसी प्रकार अगर किसी एक भी व्यक्ति को इस जाहीर सूचना पत्र के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर रामप्रसाद पिता बापूसिंह जी कुल्मी निवासी ग्राम ईटावा तहसील तराना के संबंध में उनके जीवित होने के संबंध कोई दस्तावेजी प्रमाण अन्य कोई सूचना हो तो मुझे सूचित करे अन्यथा की स्थिति में रामप्रसाद पिता बापू सिंह जी की सिविल डेथ मानी जावेगी। दिनांक 22.08.2026

**जगदीशचन्द्र परमार अभिभाषक**
**मालीखेडी-बिछडोद रोड तराना**
**मोबाइल नंबरः- 98932-27586**

# आर्य योद्धा में यही दया भाव है



गीता स्पष्ट रूप से यह कहती है कि शत्रु से लड़ने की अपनी अनिच्छा द्वारा अर्जुन कायरतापूर्ण कमजोरी में इस प्रकार च्युत हो गया, क्योंकि वह दया से आक्रांत हो गया था। क्या तब यह दैवी कमजोरी नहीं है? क्या दया एक दैवी भावना नहीं है, जिसे (कृष्ण की) कड़ी भर्त्सना के साथ इस प्रकार हतोत्साहित नहीं करना चाहिए था?

क्या हम युद्ध और वीरत्वपूर्ण कर्म के धार्मिक सिद्धांत के सम्मुख हैं, जो दया को कमजोरी मानता है और नॉर्वे के नायक जैसा सोचता है, जिसने ईश्वर को इसलिए धन्यवाद दिया कि उसने उसे एक कठोर हृदय दिया? किंतु गीता की शिक्षा तो एक भारतीय धार्मिक सिद्धांत से निकली है और भारतीय मस्तिष्क के लिए दया सदैव ही दैवी प्रकृति के महत्तम तत्वों में से एक रही है। आर्य योद्धा में यही दया भाव है, जो उसके शौर्य की आत्मा है; जो चोट खाए हुए सरकंडे को तोड़ेगा नहीं, बल्कि कमजोर, जख्मी और गिरे हुए की सहायता व रक्षा करेगा। यह भी दैवीय दया ही है, जो बलवान अत्याचारी और आश्वस्त उत्पीड़क को मार गिराती है, क्रोध और घृणा से नहीं, क्योंकि ये उच्च दैवीय गुण नहीं हैं।

पापी के प्रति ईश्वरीय प्रकोप, दुष्ट के प्रति ईश्वर की घृणा अर्द्ध विकसित पंथों की दंतकथाएं हैं। उसी तरह की दंतकथा, जैसी उन्होंने नरक की निरंतर यातना के संबंध में गढ़ ली है, किंतु प्राचीन भारतीय आध्यात्मिकता ने स्पष्ट रूप से देखा, अपनी शक्ति द्वारा गलती करने वाले और अपने पापों के लिए वध किए जाने वाले बलवान दैत्य के लिए भी उतनी ही दया होनी चाहिए, जितनी कष्ट उठाने वालों और पीड़ितों के लिए, जिन्हें उसकी हिंसा और अन्याय से बचाना है।



**सम्पादकीय**

## चीनी की कीमत

चीनी की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए भारत को करीब एक दशक बाद शुल्क मुक्त आयात का सहारा लेना पड़ा है और यह सोचने वाली बात है। भारत में त्योहारी सीजन आने वाला है। ऐसे में, चीनी की घरेलू कीमतों को आम लोगों की पहुंच में रखना जरूरी है। पिछले महीने चीनी 45 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही थी और अब इसकी कीमत 65 रुपये तक पहुंच गई है। कहीं-कहीं तो यह 69 रुपये प्रति किलोग्राम भी बिक रही है। अब उचित ही 31 अक्तूबर तक 10 लाख टन तक कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात को मंजूरी दी गई है। चीनी का देश में अभाव नहीं है, पर उसकी कीमतों में इजाफे से चिंता बढ़ रही है। एहतियातन हर मुमकिन उपाय सरकार को समय रहते करने चाहिए। सरकार ने बाजार में उपलब्धता में सुधार के लिए उसकी भंडारण सीमा को भी सख्त किया है। चीनी की अधिक खपत करने वाले उद्योगों को भी निर्देश दिए गए हैं। बिहार सहित अनेक राज्यों में सरकारें अपने स्तर पर इसकी कालाबाजारी व जमाखोरी रोकने में लग गई हैं। सजग रहना होगा, देश में कई बार अफवाहों की वजह से भी कीमतें या महंगाई बढ़ी है।

वैसे, स्थिति बहुत चिंताजनक नहीं है, क्योंकि शुल्क मुक्त आयात के फैसले के बावजूद चीनी के निर्यात को पूरी तरह से रोकने की नौबत नहीं आई है। चीनी निर्यात के जो अनुबंध पहले से हैं, उनकी पालना होगी और अमेरिका, यूरोप के लिए निर्यात का क्रम बना रहेगा। इसके अलावा, चीनी का नया सीजन शुरू होने वाला है, तो कीमतों में कमी आएगी। हालांकि, इस विषय को विस्तार से देखना चाहिए कि आखिर चीनी की कीमतों में तेजी के पीछे क्या कारण हैं? क्या गन्ने की पैदावार के एक बड़े हिस्से को चीनी मिलों में भेजने के बजाय इथेनॉल मिलों में भेजा जा रहा है? क्या गन्ने के उत्पादन में कमी आई है? क्या देश की जरूरत के हिसाब से गन्ना उत्पादन का क्षेत्र बढ़ नहीं रहा है? इथेनॉल की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए क्या गन्ना उत्पादन बढ़ाने की कोई योजना तैयार की गई है? ये ऐसे महत्वपूर्ण सवाल हैं, जिनके जवाब तलाशने के लिए कृषि मंत्रालय के साथ ही पेट्रोलियम मंत्रालय को भी कदम उठाने पड़ेंगे। जो कंपनियां इथेनॉल उत्पादन में लगी हैं, उन्हें अपने स्तर पर गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए। गन्ने की विविध मांग बढ़ रही है, तो गन्ना किसानों को भी ज्यादा लाभ मिलने चाहिए। निस्संदेह, चीनी की उपलब्धता और कीमत संभालने का काम सरकार आसानी से कर सकती है।

**कश्मीर पर अमेरिकी राजदूत गोर ने दिए अमेरिकी रुख में बदलाव का संकेत**

# कश्मीर पर अमेरिका का बदलता रुख



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले जम्मू-कश्मीर दौरे में यहां के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद कश्मीर को भारत का अभिन्न और अहम भू-भाग बताया। ताकि सुरक्षा के लिहाज से सराहना की। अमेरिकी राजदूत का यह बयान अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के स्तर पर चौंकाने वाला होने के साथ अमेरिका और भारत के संबंधों में बदलाव का उल्लेखनीय संकेत है। लंबे समय से कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका की स्थिति भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय विवाद के रूप में देखी जाती रही है। जिसे अकसर ह्यभारतीय प्रशासन वाले कष्मीरह्य जैसे शब्दों से संबोधित किया जाता रहा है। ऐसे में एक वरिश्ठ अमेरिकी राजनयिक का यह दो टूक बयान कष्मीर की धरती पर देना इस बात का संकेत है कि वैष्विक स्तर पर कष्मीर को लेकर भारत की अखंडता एवं संप्रभुता की पुश्टि के रूप में देखा जा रहा है। इस बयान से पाकिस्तान को तो झटका लगा ही है, चीन भी सकते में है।

याद रहे अमेरिका ने वर्श 2018 से ही जम्मू-कष्मीर के तात्कालिक पूर्वी लद्दाख और लेह को छोड़कर अपने नागरिकों को यात्रा नहीं करने की चेतावनी दी हुई है। इस नसीहत को चौथी श्रेणी में रखा हुआ है। गोर ने फिलहाल इस यात्रा चेतावनी को कम करने का कोई संकेत नहीं दिया है, लेकिन उम्मीद है कि इस बिंदु पर अमेरिका यात्रा में छूट दे सकता है ? हालांकि उस समय धारा-370 बहाल थी और घाटी में आतंकी संकट की छाया छाई रहती थी। अगस्त 2019 में धारा-370 और 35-ए को भारत सरकार ने अपनी दृढ़ इच्छाषक्ति के चलते विलोपित कर दिया, उसी के बाद से कष्मीर में सुरक्षा संबंधी हालातों में निरंतर सुधार हो रहे हैं और पत्थरबाजी व अन्य आतंकी घटनाओं में कमी आई है। पहलगाम में आतंकी हमले के एक दिन बाद ही अमेरिकी विदेष मंत्रालय ने उक्त चेतावनी की फिर से पुश्टि करते हुए नई एडवायजरी जारी कर दी थी। जो अभी भी लागू है। चूंकि गोर दक्षिण एषिया व मध्य एषियाई मामलों के राश्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विषेश प्रतिनिधि हैं, इसलिए उनकी कष्मीर यात्रा और दो टूक बयान की अपनी अलग अहमियत है। खासतौर पर तब जब पाकिस्तान के संबंध भी अमेरिका के साथ फिलहाल मधुर बने हुए हैं और अमेरिका ईरान से लड़े जा रहें युद्ध में पाकिस्तान को अपने हितों के लिए इस्तेमाल कर रहा है। इस बयान से उमर अब्दुल्ला को भी बड़ा झटका लगा है। क्योंकि वे कुछ दिनों से धारा-370 की पुर्नबहाली की मांग कर रहे हैं। उन्होंने जून-2026 में ह्यद हिंदू हडलह्य (अंग्रेजी समाचार पत्र) सत्र के दौरान कहा था कि 2019 में 370 को हटाना भारत सरकार की सबसे बड़ी नीतिगत भूल थी। साथ ही उन्होंने जम्मू-कष्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा और विषेश संवैधानिक अधिकारों की बहाली की भी मांग की थी।

पाकिस्तान धर्म की घुट्टी पिलाकर 35 साल से भारत पर आतंकी हमले करता रहा है। जबकि उसे सबसे मुकम्मल उत्तर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया गया था। लेकिन वह बाज नहीं आ रहा है। कुत्ते की पूंछ की तरह पाक की पूंछ टेढ़ी ही बनी हुई है। गैर-कष्मीरियों और हिंदुओं की हत्या के लिए उसकी क्रूरता समाप्त नहीं हो रही है। जाहिर है, पाकिस्तान भारतीय सेना के ऑपरेषन सिंदूर के बदले को भूल गया है। उसे एक बार फिर करारा जबाव देना होगा। दरअसल इस समय पाकिस्तान अपने कब्जे वाले जम्मू-कष्मीर में चल रहे आजादी के आंदोलन से भी जूझ रहा है। वहां भी उसने निर्ममता बरतते हुए सैंकड़ों प्रदर्षनकारियों को भूनने का काम हाल ही में किया है। पाक की ये हरकतें इसलिए भी बरकरार हैं, क्योंकि ईरान हमले में उलझा अमेरिका उसकी पीठ थपथपाने में लगा है। ऐसे में भारत को अनेक कूटनीतिक कदम उठाकर पाकिस्तान को विवष करना पड़ रहा है। अब जाकर उसे कष्मीर मुद्दे पर अमेरिका का दो टूक जवाब मिला है। अनुच्छेद-370 हटने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है, तो इसका एक बड़ा कारण मजहबी कट्टरता पर चोट नहीं कर पाना है। गोया, साफ है कि यह समस्या अब राजनैतिक व संवैधानिक नहीं रह गई है, बल्कि धार्मिक चरमपंथ के रूप में सामने आ रही है। इस हिंसक उन्माद का सोच पाकिस्तान से निर्यात आतंकवाद तो है ही, घाटी में कुकुरमुत्तों की तरह मस्जिदों और मदरसों में फैला, वह षिक्षा का तंत्र भी है, जो आतंक की फसल बोने और उगाने का काम करता है। यही वजह है कि जितने भी इस्लामिक देष हैं, उनमें न तो अल्पसंख्यकों का जनसंख्यात्मक घनत्व बढ़ रहा है और न ही उन्हें नागरिक समानता के अधिकार मिल रहे हैं। कष्मीर में भी जिहादी चाहते हैं कि गैर-मुस्लिम या तो इस्लाम स्वीकार करें या फिर घाटी छोड़ जाएं।

मुस्लिमों की इस दोशपूर्ण मंषा को संविधान निर्माण के समय ही डॉ भीमराव अंबेडकर ने समझ लिया था। शेख अब्दुल्ला ने जब जम्मू-कष्मीर को विशेष दर्जा देने की मांग की तो अंबेडकर ने सख्त लहजे में कहा था कि ह्यआप चाहते हो कि भारत कश्मीर की रक्षा करे, कश्मीरियों की आर्थिक सुरक्षा करे, कश्मीरियों को संपूर्ण भारत में समानता का अधिकार मिले, लेकिन भारत और अन्य भारतीयों को आप कश्मीर में कोई अधिकार देना नहीं चाहते ? मैं देश का कानून मंत्री हूं और मैं अपने देश के साथ कोई अन्याय या विश्वासघात किसी भी हालत में नहीं कर सकता हूं।ह्य विडंबना देखिए कि मुस्लिम समाज देष में हर जगह बृहद हिंदू समाज के बीच अपने को सुरक्षित पाता है, किंतु जहां कहीं भी हिंदु अल्पसंख्यक मुस्लिमों के बीच रह रहे हैं, उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। बावजूद नेहरू के अनावश्यक दखल से कश्मीर को विशेष दर्जा मिल गया। इस भिन्नता का संकट देश बंटवारे से लेकर अब तक भुगत रहा है। यही वजह है कि इस बंटवारे के बाद पाकिस्तान से जो हिंदू, बौद्ध, सिख और दलित शरणार्थी के रूप में जम्मू-कश्मीर में ही ठहर गए थे, उन्हें मौलिक अधिकार धारा-370 हटने के बाद मिल पाए हैं। इनकी संख्या करीब 70-80 लाख है, ये 56 शरणार्थी शिविरों में सभी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से महरूम रहते हुए बद् से बदतर जिंदगी का अभिशाप धारा-370 हटने से पहले तक भोगते रहे हैं।

पहलगाम हमले के बाद जितने भी आतंकी हमले कश्मीर में हुए हैं, उनमें से ज्यादातर की जिम्मेदारी भी टीआरएफ ने ली थी। यह लष्कर-ए-तैयबा का ही एक मुखौटा संगठन है, जो लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों की आतंकी हरकतों को ही अंजाम देता है। भारतीय सेना ने कोटली अब्बास में जिस आतंकी शिविरों को तबाह किया किया था, इसमें 1500 आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था।

## पीला रजिस्टर

छोटी लाइन के उस पुराने रेलवे स्टेशन के कोने पर बने पूछताछ केंद्र की मेज पर एक मोटा पीला रजिस्टर सालों से वैसे ही जमा हुआ था जैसे किसी दफ्तर की फाइल पर भ्रष्टाचार की परत जमी होती है। उस रजिस्टर के पन्ने वक्त की धूल और सरकारी सुस्ती से इतने कड़े हो चुके थे कि उन्हें पलटना किसी बूढ़े की याददाश्त खंगालने जैसा दुष्कर कार्य था और उसकी जिल्द का धागा अपनी मयार्दा खोकर बाहर लटक रहा था। उस स्टेशन पर दिन भर में केवल दो ही गाड़ियाँ रुकती थीं जो अक्सर समय की पाबंदी को अपनी तौहीन समझती थीं लेकिन वहाँ के एकमात्र क्लर्क हरगोविंद बाबू हर सुबह आठ बजे दफ्तर खोलते ही सबसे पहले उस पीले रजिस्टर को ऐसे सहलाते थे जैसे कोई नेता चुनाव से पहले गरीब के पैर छूता हो। गाँव के लोग जब भी अपने रिश्तेदारों को ठिकाने लगाने या मालगाड़ी के आने का काल्पनिक समय पूछने आते तो हरगोविंद बाबू को उसी रजिस्टर के पन्ने पलटते हुए पाते थे जैसे वे उसमें मोक्ष का मार्ग खोज रहे हों। सफेद बेदाग कुर्ते में लिपटे हरगोविंद बाबू की आँखें हमेशा उस रजिस्टर की आखिरी लाइन पर टिकी रहती थीं जहाँ नीली स्याही से कुछ लिखा था क्योंकि भारत में सच अक्सर आखिरी लाइनों में ही दम तोड़ता है। वे रोज दोपहर की कड़कती धूप से लेकर ढलती शाम तक उसी रजिस्टर को सामने रखकर वैसे ही बैठे रहते थे जैसे कोई ईमानदार आदमी अपनी बेबसी लेकर कचहरी में बैठता है। जब भी कोई नया टीटीई या स्टेशन मास्टर वहाँ तैनात होकर आता तो वह इस पीले रजिस्टर को देखकर ऐसे चौंकता था जैसे किसी आधुनिक मॉल में कोई आदमी लँगोटी पहनकर घुस आया हो। गाँव का चपरासी मन्नू जब चाय का कुल्हड़ लेकर आता जो चाय कम और गर्म पानी का विज्ञापन ज्यादा लगती थी तो हरगोविंद बाबू उससे बड़ी बेताबी से पूछते कि क्यों रे मन्नू आज उस बड़े शहर से आने वाली पैसेंजर गाड़ी में कोई नया नाम दर्ज हुआ या आज भी वही पुराना पन्ना खाली रह गया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 22 अगस्त 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:10 सूर्यास्त 18:50
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - दसमी 02:01 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 14:49 उपरांत मूल
योग - विष्कुंभ दिन पूर्ण उपरांत विष्कुंभ
करण - तैतिल
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 14:49 पर धनु में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 08 तारिख

**मेष-** नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। कारोबारी हैं तो प्राथमिकताओं के आधार पर काम निपटाएं।

**वृषभ-** ऑनलाइन लेनदेन और यात्रा के दौरान सतर्क रहें। पैरों में दर्द की समस्या हो सकती है। शारीरिक थकान हो सकती है।

**मिथुन-** पार्टनर के साथ अहंकार को बीच में न आने दें, इससे तालमेल बेहतर होगा।

**कर्क-** कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ किसी भी बहस से दूर रहें।

**सिंह-** कारोबार में फिलहाल बड़ा निवेश टाल देना ही समझदारी है। व्यापार में नए ग्राहक जुड़ेंगे।

**कन्या-** घरेलू मुद्दों को लेकर जीवनसाथी से तनाव न बढ़ाएं। अनियोजित खर्चों से बजट प्रभावित हो सकता है।

**तुला-** कार्यस्थल पर सहकर्मियों की बातों का गलत अर्थ न निकालें।

**वृश्चिक-** किसी भी सौदे में पारदर्शिता रखें। अनावश्यक शक या संवेदनशीलता से रिश्ते में खटास आ सकती है।

**धनु-** सीमित संसाधनों में काम चलाने की कोशिश करें। कंधे या गर्दन में दर्द हो सकता है।

**मकर-** चरणबद्ध तरीके से काम पूरा करने से तनाव कम होगा। पुराने व्यावसायिक संपर्कों से लाभ होगा।

**कुंभ-** भावनात्मक रूप से दूरी महसूस हो तो बातचीत का सहारा लें। नए निवेश से पहले विशेषज्ञों की राय लें।

**मीन-** कार्यक्षेत्र में नए अवसर और संभावनाएं आपका उत्साह बढ़ाएंगी। पार्टनर के साथ समझदारी और प्रेम बढ़ेगा।

# फार्मासिस्टों की प्रोफेशनल रजिस्ट्री को लेकर सख्ती

देशभर के पंजीकृत फार्मासिस्टों के लिए प्रोफेशनल रजिस्ट्री को लेकर सख्ती की गई है। फार्मासिस्टों को अब हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री यानी एचपीआर में अपनी प्रोफाइल अपडेट और सत्यापित करानी होगी। इसके लिए 15 दिनों की समयसीमा तय की गई है। निर्धारित अवधि में प्रक्रिया पूरी नहीं करने पर संबंधित प्रोफाइल को निष्क्रिय किया जा सकता है। नए नियम का उद्देश्य फार्मासिस्टों से जुड़ी जानकारी का डिजिटल रिकॉर्ड (ॐ’ श्ीूङ्म१िं) तैयार करना और उनकी पहचान व पंजीकरण की जानकारी को ऑनलाइन सत्यापित करना है।

एचपीआर प्रोफाइल अपडेट करने के लिए क्या करना होगा?

एचपीआर व्यवस्था राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ मिलकर शुरू की गई है। जिन फार्मासिस्टों का पहले से डिजी फार्मेड पोर्टल पर पंजीकरण है और जिनके पास वैध बीएचपी नंबर है, उन्हें अपनी एचपीआर प्रोफाइल अपडेट करनी होगी। प्रक्रिया की शुरूआत ई-केवाईसी से होगी। इसमें फार्मासिस्ट को अपनी पहचान की जानकारी सत्यापित करनी होगी। इसके बाद व्यक्तिगत जानकारी, नौकरी, पढ़ाई और पंजीकरण से जुड़ी जानकारी की जांच करनी होगी। प्रोफाइल में कोई जानकारी अधूरी है तो उसे पूरा करना होगा।



### क्या प्रोफाइल में पुरानी या गलत जानकारी भी परेशानी बढ़ा सकती है?

- प्रोफाइल अपडेट करते समय फार्मासिस्टों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दर्ज की गई जानकारी सही और नई हो।
- प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित राज्य फामेर्सी काउंसिल प्रोफाइल की जांच करेगी।
- काउंसिल की मंजूरी मिलने के बाद फार्मासिस्ट का एचपीआर कार्ड बनाया जाएगा।
- इस व्यवस्था से फार्मासिस्ट की पहचान, शैक्षणिक योग्यता, नौकरी और पंजीकरण से जुड़ी जानकारी को एक डिजिटल रिकॉर्ड में रखा जा सकेगा।

### बीफार्मा की पढ़ाई में भी क्या बदलाव किया गया है?

फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया ने बीफार्मा के 2026 पाठ्यक्रम को लेकर भी निर्देश जारी किए हैं। नए पाठ्यक्रम में अलग-अलग विषयों को जोड़कर पढ़ाने वाले अंतर विषयी पाठ्यक्रम शामिल किए गए हैं। जिन कॉलेजों में किसी विषय के लिए योग्य फामेर्सी शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, वहां योग्य अतिथि या बाहर से आने वाले शिक्षक की मदद ली जा सकेगी। ऐसे शिक्षक के पास संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री होना जरूरी होगा।

### नए पाठ्यक्रम से छात्रों को क्या फायदा होगा?

पीसीआई के अनुसार नए पाठ्यक्रम का उद्देश्य बीफार्मा छात्रों को अलग-अलग विषयों की बेहतर जानकारी देना और उन्हें फामेर्सी से जुड़े व्यावहारिक काम के लिए तैयार करना है। बाहर से नियुक्त किए जाने वाले शिक्षकों को पढ़ाने से पहले जरूरी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस तरह एक तरफ फार्मासिस्टों की डिजिटल पहचान और रिकॉर्ड को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ फामेर्सी शिक्षा में भी व्यावहारिक और अंतर विषयी पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है।

**समसामयिक**

# भारतीय निर्वाचन आयोग का मुरीद हुआ - महाशक्ति अमेरिका



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसके पीछे केवल विशाल मतदाता संख्या ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निरंतरता और करोड़ों नागरिकों की चुनावी भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। भारत में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि संविधान में निहित लोकतांत्रिक विश्वास को अभिव्यक्त करने का सबसे बड़ा अवसर हैं। इस पूरी प्रक्रिया में भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका केंद्रीय है। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत की मतदाता पहचान व्यवस्था और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ हुई चर्चा का उल्लेख करते हुए अमेरिकी चुनावों में नागरिकता और मतदाता पात्रता की जांच को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। ट्रंप ने प्रस्तावित ह्यसेव अमेरिका एक्टह्व के समर्थन में भारत की व्यवस्था को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है। अमेरिकी विधेयक का मूल उद्देश्य संघीय चुनावों में मतदाता पंजीकरण के समय अमेरिकी नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना है।

यह प्रसंग भारत के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है कि जिस विषय पर देश के भीतर राजनीतिक बहस और मतभेद दिखाई देते हैं, उसी विषय की कुछ व्यवस्थाओं को दुनिया की सबसे प्रभावशाली लोकतांत्रिक शक्तियों में से एक अपने चुनावी ढांचे को मजबूत करने के संदर्भ में देख रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों की शुद्धता और विश्वसनीयता को चुनावी प्रक्रिया की बुनियादी आवश्यकता माना है। आयोग के अनुसार 2025 में लगभग दो दशक बाद विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई और 2026 में भी विभिन्न राज्यों में इसका विस्तार हुआ। आयोग के आधिकारिक दस्तावेजों में इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, सटीक और समावेशी बनाना बताया गया है। यही वह बिंदु है जिस पर हमारे राजनीतिक विमर्श को गंभीरता से विचार करना चाहिए। मतदाता सूची किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं, लोकतंत्र की आधारशिला है। उसमें किसी पात्र नागरिक का नाम छूटना जितना गंभीर विषय है, उतना ही गंभीर विषय किसी अपात्र व्यक्ति का नाम बने रहना भी है। इसलिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय संवैधानिक और प्रशासनिक कसौटी पर परखा जाना चाहिए। यह भी उतना ही आवश्यक है कि ऐसी किसी प्रक्रिया में पारदर्शिता, स्पष्ट नियम, नागरिकों को पर्याप्त अवसर, शिकायतों के त्वरित निवारण और पात्र मतदाताओं के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हो। चुनावी शुचिता और मताधिकार दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं।

भारत की चुनाव प्रणाली की विशेषता केवल पहचान-पत्र या मतदाता सूची तक सीमित नहीं है। ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक करोड़ों मतदाता जिस व्यापक चुनावी प्रक्रिया में भाग लेते हैं, वह अपने आप में लोकतांत्रिक संस्थागत क्षमता का बड़ा उदाहरण है। भारत निर्वाचन आयोग स्वयं चुनावी प्रक्रिया में मतदाता सुविधा, पारदर्शिता और मतदाता सूची की शुद्धता को लगातार मजबूत करने की दिशा में काम करने की बात करता है। इसलिए यदि अमेरिका जैसा देश भारतीय चुनावी अनुभव के किसी पहलू को अपने संदर्भ में उपयोगी मानता है तो यह भारत के लिए निश्चित रूप से गौरव का विषय है। लेकिन इससे भी बड़ी उपलब्धि यह होगी कि हम इस अवसर को आत्ममुग्धता के बजाय आत्ममंथन का अवसर बनाएं। लोकतंत्र में संस्थाओं की प्रशंसा और आलोचना दोनों आवश्यक हैं। निर्वाचन आयोग हो, न्यायपालिका हो, संसद हो या कोई अन्य संवैधानिक संस्था उसकी विश्वसनीयता तभी मजबूत होगी जब उसके काम का मूल्यांकन तथ्यों, कानून और पारदर्शिता के आधार पर हो, न कि केवल राजनीतिक सुविधा के आधार पर।

**धर्म-आस्था**

# आस्था का सम्मान, लेकिन गलत बातों पर सवाल जरूरी



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

धर्म मनुष्य के जीवन में केवल पूजा-पद्धति या कर्मकांड का विषय नहीं है। वह उसकी आस्था, संस्कृति, नैतिकता, परंपरा और जीवन-दृष्टि से जुड़ा हुआ विषय है। धार्मिक ग्रंथों ने हजारों वर्षों से समाज को नैतिक मूल्यों, कर्तव्य, करुणा, संयम, सत्य और परोपकार का संदेश दिया है। यही कारण है कि करोड़ों लोग धार्मिक पुस्तकों को श्रद्धा के साथ पढ़ते और अपने जीवन में उनसे प्रेरणा लेते हैं। लेकिन श्रद्धा का अर्थ यह नहीं हो सकता कि किसी भी पुस्तक में लिखी प्रत्येक बात को बिना प्रश्न किए, बिना संदर्भ समझे और बिना तर्क की कसौटी पर परखे स्वीकार कर लिया जाए।

आज सबसे जरूरी प्रश्न यही है कि क्या धार्मिक पुस्तकों में लिखी हर बात को अक्षरशः सत्य मानना चाहिए? यदि किसी कथन में ऐतिहासिक परिस्थिति की छाप है, यदि वह किसी विशेष सामाजिक व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है, यदि उसका अर्थ आज के संदर्भ में अलग हो गया है या यदि किसी कथन की व्याख्या मनुष्य के बीच भेदभाव को बढ़ावा देती है, तो उस पर सवाल उठाना क्या धर्म-विरोध है? निश्चित रूप से नहीं। सवाल करना ज्ञान की पहली सीढ़ी है और स्वस्थ समाज की पहचान भी।

धर्म और आलोचनात्मक चिंतन को एक-दूसरे का विरोधी मानना एक बड़ी भूल है। आस्था व्यक्ति का निजी विश्वास हो सकती है, लेकिन जब किसी धार्मिक विचार की व्याख्या सार्वजनिक जीवन, कानून, शिक्षा, सामाजिक संबंधों या नागरिक अधिकारों को प्रभावित करने लगे, तब उस विचार पर सार्वजनिक विमर्श स्वाभाविक और आवश्यक हो जाता है। लोकतंत्र में किसी विचार को केवल इसलिए आलोचना से मुक्त नहीं किया जा सकता कि वह धार्मिक संदर्भ से आया है।

यहाँ एक महत्वपूर्ण अंतर समझना होगा—धर्म की आलोचना और धार्मिक व्यक्ति का अपमान अलग-अलग बातें हैं। किसी धार्मिक पुस्तक के किसी कथन, उसकी व्याख्या या उसके सामाजिक प्रभाव पर प्रश्न उठाना किसी धर्मावलंबी के सम्मान को ठेस पहुँचाने के उद्देश्य से नहीं होना चाहिए। आलोचना विचार की होनी चाहिए, व्यक्ति की नहीं। तर्क का जवाब तर्क से दिया जाना चाहिए, भावनात्मक आक्रोश से नहीं। हमारे समाज में अक्सर यह प्रवृत्ति दिखाई देती है कि जब किसी धार्मिक ग्रंथ की किसी बात पर प्रश्न उठता है तो चर्चा का केंद्र उस प्रश्न का उत्तर देने के बजाय प्रश्न पूछने वाले की नीयत बन जाती है। उसे धर्म-विरोधी, परंपरा-विरोधी या समाज-विरोधी कह दिया जाता है। इससे संवाद बंद होता है और कट्टरता बढ़ती है। यदि किसी प्रश्न का उत्तर उपलब्ध है तो उसे शांतिपूर्वक सामने रखा जाना चाहिए। यदि किसी कथन की अलग-अलग व्याख्याएँ हैं तो उन पर चर्चा होनी चाहिए। और यदि कोई बात ऐतिहासिक संदर्भ में थी, तो उसके संदर्भ को समझाया जाना चाहिए।

धार्मिक ग्रंथों को उनके समय और परिस्थितियों से काटकर पढ़ना भी समस्या पैदा कर सकता है। हजारों वर्ष पहले का समाज आज के समाज जैसा नहीं था। उस समय की सामाजिक संरचना, शासन व्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान, परिवार व्यवस्था और आर्थिक परिस्थितियाँ अलग थीं। इसलिए किसी प्राचीन कथन का अर्थ समझने के लिए उसके मूल संदर्भ, भाषा, प्रतीकों और तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों को समझना आवश्यक है। आधुनिक समय में उसी कथन की शाब्दिक व्याख्या करने से कई बार ऐसी धारणाएँ पैदा हो सकती हैं जो मूल संदर्भ से बिल्कुल अलग हों।

इसीलिए धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन केवल श्रद्धा से नहीं, बल्कि ज्ञान, इतिहास, भाषा और दर्शन की दृष्टि से भी होना चाहिए। श्रद्धा मनुष्य को प्रेरणा देती है, जबकि विवेक उसे सही अर्थ समझने में सहायता करता है। दोनों का संतुलन समाज को अधिक परिपक्व बनाता है। सबसे संवेदनशील विषय तब सामने आता है जब किसी धार्मिक कथन की व्याख्या के आधार पर स्त्री-पुरुष असमानता, जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता, हिंसा, सामाजिक बहिष्कार या किसी वर्ग के प्रति घृणा को उचित ठहराने का प्रयास किया जाता है। आधुनिक लोकतांत्रिक समाज की बुनियाद समानता, स्वतंत्रता, गरिमा और न्याय पर है। इसलिए कोई भी व्याख्या यदि मनुष्य की गरिमा को कम करती है तो उस पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,52,800 रवा- 1,52,500 चांदी- टंच- 2,36,500 पाट- 2,35,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## न्यूज कालम



### विद्यालयों में रक्षाबंधन पत्रक से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**शाजापुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रक्षाबंधन पर्व पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विशेष अभियान चलाकर भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना के माध्यम से नशा मुक्ति एवं स्वयं की बहन के साथ सभी बहनों के रक्षार्थ महासंकल्प अभियान गायत्री परिवार द्वारा चलाया जा रहा है। तहसील गोलाना के सीएम राइज विद्यालय बोलाई में विद्यार्थियों को गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि मनोज कुमार जायसवाल ने रक्षाबंधन संकल्प पत्र भराकर संकल्पित कराया। संकल्प कार्यक्रम में समन्वय शिक्षिका पूजा पाटीदार ने किया। आयोजन प्राचार्य वेरा सिंह अलावा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

### शाकिर व टीपू को किया जिला बदर

**शुजालपुर।** जिला दण्डाधिकारी शाजापुर ऋ जु बाफ ना ने अपराधिक गतिविधियों में लिप्त दो व्यक्तियों को जिला बदर किया हैं। जारी आदेश के तहत थाना शुजालपुर सिटी खाराकुआ निवासी 31 वर्षीय शाकिर पिता शफ ीक खां एवं थाना शुजालपुर सिटी खाराकुआ निवासी 24 वर्षीय साजिद उर्फ टीपू पिता सफ ीक खां को एक-एक वर्ष के लिए जिला बदर करते हुए शाजापुर एवं सीमावर्ती जिले देवास, उज्जैन, आगर मालवा, राजगढ़ तथा सीहोर की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश दिए है। जिला दण्डाधिकारी बाफ ना ने निष्कासन आदेश जारी करते हुए आदेशित किया है कि वह प्रतिबंधित अवधि में बिना पूर्व अनुमति के उक्त क्षेत्रों में प्रवेश न करें।

### गौरांश पाटीदार के शानदार प्रदर्शन पर राज्य स्तरीय टीम में हुआ चयन



**शुजालपुर।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा जबलपुर में आयोजित अंडर 17 बालक वर्ग के चयन प्रशिक्षण शिविर में शुजालपुर के गौरांश पाटीदार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय टीम में स्थान बनाया। चयन प्रशिक्षण में प्रदेशभर से 50 खिलाडि ?ें ने सहभागिता की, जिसमें गौरांश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन किया गया। गौरांश अब 23 अगस्त से ऑल इंडिया फु टबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय फु टबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके चयन से क्षेत्र के खेलप्रेमियों एवं फु टबॉल खिलाडियों में हर्ष है।

### टेलेंट अकेडमी में जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को दी कर्तव्यों की जानकारी



**शुजालपुर।** शहर के प्रतिष्ठित टेलेंट अकेडमी स्कूल में शासन के सघन जागरूकता अभियान 3.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स, उमंग काउंसलिंग एवं विधिक जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायाधीश राम अचल पाल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को मैत्रीपूर्ण आचरण, महिला शिक्षा, अनुशासन, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की सीख दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी जिम्मेदारीपूर्वक पालन करने का आह्वान किया। आईसीटीसी काउंसलर जया माहेश्वरी ने एचआईवी संक्रमण से बचाव एवं जागरूकता संबंधी जानकारी दी। वहीं उमंग काउंसलर अरुणा परमार ने उमंग केंद्र में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं के बारे में विद्यार्थियों को बताया। कार्यक्रम का संचालन शुभम राजावत ने किया।

### टुकराना में गूंजा समरसता का संदेश, संत रविदास कलश यात्रा का स्वागत



**शाजापुर।** समरसता और भाईचारे के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही समरसता संकल्प कलश यात्रा का शुक्रवार को टुकराना में जोरदार स्वागत हुआ। टुकराना बाईपास स्थित संत रविदास महाराज मंदिर प्रांगण में जैसे ही यात्रा पहुंची, ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा की अगवानी की, वहीं समाजजनों ने संत रविदास जी की महाआरती उतारकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूरे गांव में यात्रा निकाली गई और पुष्पवर्षा कर इसका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संत रविदास जी के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला गया। ग्रामीणों को बताया गया कि संत रविदास जी ने हमेशा जात-पात और छुआछूत से ऊपर उठकर मानव मात्र के कल्याण और समानता की बात कही। आज के समय में समाज को एकजुट करने के लिए उनके विचार बहुत जरूरी हैं।

### अधिकारियों का दल डोंगरगांव जनविश्वास शिविर के लिए रवाना

**आगर मालवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान पर शासकीय संसाधनों के सदुपयोग और ईंधन बचत का संदेश देते हुए कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना और पुलिस अधीक्षक श्री कुमार सोनी के नेतृत्व में जिला स्तरीय अधिकारियों का दल शुक्रवार को एक ही यात्री बस से ग्राम डोंगरगांव में आयोजित जनविश्वास शिविर के लिए रवाना हुआ। डोंगरगांव में आयोजित जनविश्वास शिविर में कलेक्टर डॉ. मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री सोनी, ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से रूबरू होंगे तथा प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करेंगे।

# नशे के खिलाफ शाजापुर पुलिस की तैयारी, एडीपीओ ने सिखाए एनडीपीएस एक्ट और जांच के कानूनी दांव-पेंच



बैठक में मौजूद एडीपीओ और पुलिस अधिकारी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ शाजापुर

जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर पूरी तरह से लगाम कसने के लिए शाजापुर पुलिस अब कानूनी और तकनीकी रूप से और अधिक सशक्त हो रही है। पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स शाखा के निर्देशों के पालन में, जिले के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एनडीपीएसएक्ट 1985 के तहत दर्ज मामलों की विवेचना को अधिक गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और प्रभावी बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एडीपीओ प्रतीक श्रीवास्तव ने पुलिसकर्मियों को कानून की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि मादक पदार्थों के मामलों में विवेचना के दौरान विधिक प्रक्रियाओं का सही तरीके से पालन कैसे किया जाए। श्रीवास्तव ने विशेष रूप से एनडीपीएस एक्ट की धारा 52 के तहत की जाने वाली कानूनी कार्रवाई, घटनास्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित तरीके से जुटाने की वैज्ञानिक तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पुलिस द्वारा की जाने वाली हर एक कार्रवाई का विधिवत दस्तावेजी करण होना चाहिए, ताकि कोई भी अपराधी तकनीकी खामी का फायदा उठाकर बच न सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच पूरी तरह से नियमानुसार होनी चाहिए, जिससे न्यायालय में अभियोजन पक्ष अपना केस पूरी मजबूती के साथ रख सके और दोषियों को सजा मिल सके। गौरतलब है कि शाजापुर पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार धरपकड़ की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि केवल गिरफ्तारी ही काफी नहीं है, बल्कि कोर्ट में ठोस साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों को सजा दिलाना भी उतना ही जरूरी है। इसी उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को समय-समय पर नवीनतम कानूनी संशोधनों और विवेचना की आधुनिक तकनीकों से अपडेट किया जा रहा है। इस विशेष प्रशिक्षण से जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चल रही कार्रवाई को और अधिक धार मिलने की उम्मीद है।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में 600 विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क जेईई-नीट मार्गदर्शन

**परीक्षा में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे**

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ शुजालपुर

जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर अवसर और सही दिशा देने के उद्देश्य से प्रतिभा खोज परीक्षा टीएसई का आयोजन किया जा रहा है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के निर्देश पर अखिल भारतीय प्रतिभा उत्थान अभियान एबीपीयूए के तहत आयोजित इस परीक्षा में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा के माध्यम से चयनित जिले के शीर्ष 600 विद्यार्थियों को आईआईटी एवं एनआईटी के अनुभवी शिक्षकों द्वारा जेईई एवं नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सहयोग मिलेगा।

प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 24 अगस्त की मध्यरात्रि निर्धारित की गई है। पंजीकृत विद्यार्थी 25 अगस्त से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा 30 अगस्त रविवार को आयोजित होगी। परीक्षा की तिथियों में संशोधन के साथ पंजीयन की अवधि बढ़ाई गई है, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी इस अवसर से वंचित न रहे।

परीक्षा में शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं एवं 11वीं के पात्र विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों से विद्यार्थियों को परीक्षा की जानकारी देकर निर्धारित समय में पंजीयन कराने की अपील की गई है।

## एसपी ने खातेगांव, सतवास और कांटाफोड़ के थाना प्रभारी बदले

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खातेगांव

देवास जिले में पुलिस प्रशासन ने प्रशासनिक कसावट के उद्देश्य से गुरुवार देर रात बड़ा फेरबदल किया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने 10 पुलिस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस बदलाव के तहत जिले के कई थानों में नए प्रभारियों की पदस्थापना की गई है।

प्रशासनिक फेरबदल के तहत खातेगांव थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह लोधी का तबादला सिविल लाइन थाना किया गया है। उनकी जगह सतवास थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार पुरी को खातेगांव थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।रक्षित केंद्र देवास में पदस्थ निरीक्षक आशीष पाल को सतवास थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।

वहीं, रक्षित केंद्र में ही पदस्थ निरीक्षक कैलाशचंद्र चौहान को कांटाफोड़ थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है।जारी आदेश के अनुसार कुल १० अधिकारियों के पदस्थापना स्थल बदले गए हैं। एसपी ने तबादला किए गए सभी अधिकारियों को तुरंत अपने नए पदस्थापना स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## पुरानी रंजिश व चोरी की शिकायत पर युवक पर जानलेवा हमला

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ शाजापुर



जिले के सुंदरसी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश और चोरी के शक में 6 से 7 लोगों द्वारा एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सरेआम हुई मारपीट की इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया है।

गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात पीड़ित जहीर अली सुंदरसी बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही शराफत अली, नजर अली और उसके ४-५ अन्य साथियों ने पीड़ित को रोक लिया। आरोपियों ने जहीर पर डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में जहीर को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में भर्ती पीड़ित जहीर अली ने बताया कि पिछले तीन सालों से उसके घर से लगातार सोयाबीन, मवेशी, फसल और दरवाजे-खिड़कियों की चोरी हो रही थी। पीड़ित को गांव के ही शराफत अली और नजर अली पर इन चोरियों में शामिल होने का गहरा शक था। करीब डेढ़ महीने पहले घर के दरवाजे चोरी होने पर जहीर ने पुलिस में इन आरोपियों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी। आशंका जताई जा रही है कि पुलिस में की गई इसी शिकायत की रंजिश के चलते आरोपियों ने इस हमले को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही शुक्रवार सुबह सुंदरसी थाना पुलिस शाजापुर जिला अस्पताल पहुंची और घायल युवक के विस्तृत बयान दर्ज किए। पुलिस ने घटना के सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के तौर पर लेते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### खातेगांव से ऑक्सीजन पाइप चोरी, युवक गिरफ्तार

**खातेगांव।** पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पुरानी बिल्डिंग से ऑक्सीजन सप्लाई लाइन के कॉपर पाइप चोरी के मामले में गुरुवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक बाल अपचारी को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से करीब 5 हजार रुपए के चोरी किए गए कॉपर पाइप बरामद किए हैं। यह घटना 14 अगस्त को हुई थी। खातेगांव के बीएमओ डॉ. तुषार गुप्ता ने पुलिस को शिकायत दी थी कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने अस्पताल परिसर की पुरानी इमारत में घुसकर ऑक्सीजन सप्लाई लाइन के कॉपर पाइप चुरा लिए थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। चोरी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अस्पताल परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। पुलिस ने 20 अगस्त को खातेगांव निवासी 25 वर्षीय विशाल पिता राजेंद्र विश्वकर्मा और एक बाल अपचारी को पकड़ा पूछताछ के दौरान आरोपियों के पास से ऑक्सीजन सप्लाई लाइन के दो कॉपर जब्त किये

## आगरा से राजगढ़ जा रही गरुड़ उड़ान मशाल यात्रा का शाजापुर में ऐतिहासिक स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ शाजापुर



मुगल शासक की कैद से छत्रपति शिवाजी महाराज के चतुराई से निकलने के अदम्य साहस और गौरवशाली इतिहास की यादें शुक्रवार को शाजापुर में जीवंत हो उठीं। ऐतिहासिक तथ्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगरा से महाराष्ट्र के राजगढ़ तक का सफर तय कर रही गरुड़ उड़ान मशाल यात्रा ने जैसे ही दोपहर 1 बजे शहर में कदम रखा, नगर जय शिवाजी, जय भवानी और हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। मराठा समाज, सर्व हिंदू उत्सव समिति, विभिन्न समाजसेवियों और शहरवासियों ने पलक पांवड़े बिछाकर इस यात्रा की अगवानी की। इस दौरान उत्साह से लबरेज मशाल यात्रियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीर शिरोमणि को भी नमन किया। यात्रा के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट मारुति आबा गोले ने बताया कि यह अभियान 17 अगस्त 1666 के उस ऐतिहासिक प्रसंग को समर्पित है, जब शिवाजी महाराज अपनी सूझबूझ से आगरा की कैद से निकलकर सुरक्षित राजगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को अपने इस स्वर्णिम और पराक्रमी इतिहास से रूबरू कराना ही इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य है।

**पैदल, साइकिल और घोड़ों पर सवार हैं यात्री**

आयोजकों के अनुसार यह यात्रा पिछले सात वर्षों से पूरे जोश के साथ लगातार आयोजित की जा रही है। कारवांरू शुक्रवार को यात्रा के पांचवें दिन इसमें 105 यात्री शामिल रहे। आगरा से राजगढ़ तक की 1253 किलोमीटर की यह लंबी दूरी धावकों के साथ-साथ साइकिल सवारों और घुड़सवारों द्वारा तय की जा रही है। यात्रा देश के कुल चार राज्यों और 57 शहरों के मार्गों से होकर अपने गंतव्य राजगढ़ महाराष्ट्र पहुंचेगी। यह यात्रा केवल अतीत का स्मरण नहीं करा रही, बल्कि भविष्य को भी संवारने का संदेश दे रही है। यात्रा मार्ग में जहां एक ओर इतिहासवेत्ताओं द्वारा शौर्य गाथाओं पर व्याख्यान दिए जा रहे हैं और युवाओं द्वारा वीरतापूर्ण प्रदर्शन किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्वस्थ भारतका संदेश भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिए यात्रियों द्वारा पूरे रास्ते में बीजों का छिड़काव किया जा रहा है ताकि प्रकृति को भी हरा-भरा बनाया जा सके।

**In The Court Of I Civil Judge, Junior Division, District Court, Ujjain**

Presiding Officer श्री दीपक सोनी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MJC/0000024/2026)

मुमताज बी -वादी

**विरुद्ध**

अनवर -प्रतिवादी

Process Id/2026

पेशी दिनांक :- 11.09.2026

प्रेषिती- (1) सर्व साधारण पता-तराना जिला उज्जैन

यह कि प्रार्थी मुमताज बी ने अनवर के विरूद्ध वाद संस्थित किया है, जिसमें उसके द्वारा आधारकार्ड में उसका नाम शमसाद बी उल्लेख है अतः उसके द्वारा शमसाद बी एवं मुमताजबी स्वंय वादी होकर एक महिला होने के संबंध में घोषणात्मक सहायता चाही है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के ३० दिवस के भीतर-वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है। कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 22 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(दीपक सोनी)**

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड**

**तराना जिला-उज्जैन (म.प्र)**

## एक घंटे तक कॉलोनी में घूमे नकाबपोश बदमाश, तीन घरों में चोरी की

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ देवास

देवास के रामनगर कॉलोनी में दो नकाबपोश बदमाशों ने शुक्रवार रात को तीन घरों में चोरी का प्रयास किया। बाइक पर सवार ये बदमाश करीब एक घंटे तक बेखौफ होकर कॉलोनी में घूमते रहे। बदमाशों ने टोपी और रूमाल से अपना चेहरा ढका हुआ था। उन्होंने एक के बाद एक तीन मकानों को निशाना बनाया।

उन्होंने चैन गेट फांदकर घरों के मुख्य गेट के नकुचे तोड़ने और खिड़कियां तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद दोनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। चोरी के इस प्रयास की पूरी वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में दोनों बदमाश बेखौफ तरीके से कॉलोनी में घूमते हुए साफ नजर आ रहे हैं। फुटेज के अनुसार, उन्होंने पहले एक मकान के गेट से छेड़छाड़ की, फिर दूसरे और तीसरे मकान को निशाना बनाया। जब वे गेट खोलने में कामयाब नहीं हुए, तो बदमाशों ने खिड़कियों को तोड़ने का प्रयास किया। करीब एक घंटे तक कॉलोनी में घूमने के बावजूद चोरी करने में असफल रहने पर वे अपनी बाइक से निकल गए। इस घटना के बाद रामनगर के रहवासियों में चिंता बढ़ गई है। रहवासी राकेश गुप्ता ने बताया कि बदमाशों ने तीन मकानों में घुसने का प्रयास किया था। उन्होंने गेट खोलने और खिड़कियां तोड़ने की कोशिश की। इस संबंध में सिविल लाइन थाने में एक आवेदन दिया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ये दोनों बदमाश किसी गिरोह का हिस्सा हैं या उनका संबंध आसपास हुई अन्य आपराधिक वारदातों से भी है।

## कलेक्टर डॉ.मीना ने किया जिला अभिलेखागार का आकस्मिक निरीक्षण

**आगर मालवा ।** कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित जिला अभिलेखागार का आकस्मिक निरीक्षण कर अभिलेख संधारण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मीना ने निर्देशित किया कि रिकॉर्ड रूम में समस्त अभिलेख सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण सुरक्षा के साथ संधारित कर रखे जाएं, ताकि आमजनों को आवश्यकता पड़ने पर रिकॉर्ड की नकल त्वरित रूप से उपलब्ध हो सके। उन्होंने समस्त नस्तियों को सूचीबद्ध एवं पंजीबद्ध कर क्रमानुसार बस्ते बनाकर उन पर रिकॉर्ड क्रमांक एवं विवरण प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

**नाम परिवर्तन जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा का पूर्व नाम सवा अंजुम पिता मो. अब्दुल सलाब है मेरी पक्षकारा के सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में भी उपरोक्त नाम ही अंकित है। मेरी पक्षकारा ईस्लाम धर्म को त्याग कर हिन्दु धर्म को अपना लिया है तथा वह अब सनातन धर्म के सभी नियमों का पालन कर रही है। अब मेरी पक्षकारा का नाम अंजु कुमारी पिता मो. अब्दुल सलाब है। अब मेरी पक्षकारा को भविष्य में अंजु कुमारी पिता मो. अब्दुल सलाब के नाम से जाना जावेगा एवं समस्त शासकीय एवं अद्धशासकीय संस्थानों में/दस्तावेजों में भी मेरी पक्षकारा का नाम अंजु कुमारी पिता मो. अब्दुल सलाब नाम दर्ज करा लिया जावेगा। दिनांक-22.08.2026

**नंदनी बामोरिया अभिभाषक'**

**कार्यालय - जिला न्यायालय परिसर, उज्जैन (म.प्र.)**

**मोबाइल नंबर 62685-45494**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता मूल भुमि स्वामी रणजीत जितेन्द्र पिता रूगनाथ निवासी ग्राम बरखेडी बाजार तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 615/1 रकबा 0.50 हैक्टर मे से रकबा 0.08 हैक्टर व विक्रेता मूल भूमि स्वामी जितेन्द्र, सुरेश, रणजीत पिता रूगनाथ की भूमि सर्वे नंबर 515/2 रकबा 1.07 हैक्टर मे से रकबा 0.09 हैक्टर व विक्रेता मूल भूमि स्वामी सुरेश, पिता रूगनाथ की भूमि सर्वे नंबर 615/3 रकबा 0.25 हैक्टर मे से रकबा 0.08 हैक्टर कुल किता 03 कुल विकित रकबा 0.25 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम बरखेडी बाजार तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें । अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा । व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । दिनांकः 22.08.2026

**मोहित पाटीदार (सर्विस प्रोवाईडर)**

**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**

**मोबाईल 7999640229, 9669092880**

## रतलाम पुलिस की बड़ी सफलता

# करोड़ों की लूट के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम पुलिस द्वारा थाना बिलपांक क्षेत्र में सराफा व्यापारी के साथ हुई करोड़ों रुपये की लूट के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी गौरव गुर्जर पिता भागीरथ गुर्जर निवासी हरसोला, इंदौर को आज प्रातः गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। आरोपी के कब्जे से लूटे गए 502 ग्राम सोने के जेवरात एवं 1 किलो 270 ग्राम चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं।

घटना का संक्षिप्त विवरण– दिनांक 13 अगस्त को फरियादी अर्पित पिता ललित कुमार चोरड़िया, निवासी जैन कॉलोनी रतलाम, जो सोने-चांदी के आभूषणों का व्यवसाय करते हैं, बड़नगर से व्यापारिक कार्य पूर्ण कर बस से रतलाम लौट रहे थे। रात्रि लगभग 9.15 से 9.30 बजे के मध्य हनुमान चौकी, उमरथाना फंटा क्षेत्र में आरोपियों द्वारा बस में फरियादी के साथ मारपीट कर उसका आभूषणों से भरा बैग लूट लिया गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बिलपांक में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण में विवेचना में आये तथ्यो के आधार पर डकैती व आपराधीक षड्यत्र की सुसंगत धाराओं का इजाफा किया गया।



पुलिस कार्यवाही– घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश खंड़ो के मार्गदर्शन मे ए.डी.ओ.पी. रतलाम ग्रामीण श्री किशोर पाटनवाला के निर्देशन में पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थल से लेकर बड़नगर तक विभिन्न मार्गों पर लगे 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, साइबर तकनीकी साक्ष्यों एवं मैदानी पुलिसिंग के माध्यम से आरोपियों की पहचान की गई।

प्रकरण में फरार आरोपी गौरव गुर्जर पिता भागीरथ गुर्जर निवासी हरसोला, इंदौर की गिरफ्तारी हेतु गठित विशेष टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। प्राप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को आज प्रातः गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी की निशानदेही एवं उसके कब्जे से आरोपी के हिस्से मे आए लूटे गए 502 ग्राम सोने के जेवरात तथा 1 किलो 270 ग्राम चांदी के जेवरात किमती करीब 80 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपी से प्रकरण में अन्य संलिप्तता एवं लूटे गए मशरूका के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी**– गौरव गुर्जर पिता भागीरथ गुर्जर निवासी हरसोला, इंदौर।

**बरामद मशरूका**–
सोने के जेवरात – 502 ग्राम
चांदी के जेवरात – 1किलो 270 ग्राम

**विशेष भूमिका**–
फरार आरोपी की गिरफ्तारी एवं लूटे गए मशरूका की बरामदगी में निरीक्षक अब्यूब खान (थाना प्रभारी बिलपांक), प्रधान आरक्षक राहुल जाट, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र चावड़ा, प्रधान आरक्षक निलेश पाठक, प्रधान आरक्षक दिलीप रावत, आरक्षक संजय सोनी, आरक्षक रोशन राठौर एवं आरक्षक माखन सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## कृषि के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों पर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महा विद्यालय, पिपल्यामंडी की प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्रकला चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत "कृषि के क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर" विषय पर एक मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि



क्षेत्र में उपलब्ध विविध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से परिचित कराना तथा उन्हें आधुनिक कृषि व्यवसायों के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. रितु शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ कृषि केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि रोजगार एवं उद्यमिता का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र में पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों के कारण युवाओं के लिए अनेक नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। प्रो. शर्मा ने विद्यार्थियों को कृषि पर्यवेक्षक, कृषि अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि मशीनरी ऑपरेटर एवं तकनीशियन, कृषि सलाहकार, बीज एवं उर्वरक उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तथा कृषि अनुसंधान संस्थानों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।

## पीजी कॉलेज में इंटरनेट डे के उपलक्ष्य में हुए विशेष व्याख्यान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर संकाय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत "इंटरनेट डे" के पूर्व एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख प्रो. जे.एस. दुबे के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत में कंप्यूटर संकाय के फैकल्टी नरेंद्र बंधवार ने स्वागत उद्बोधन दिया। मुख्य वक्ता सी.पी. आडवाणी ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के उभरते क्षेत्रों जैसे फ्रीलांसिंग, डिजिटल मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, ग्राफिक डिजाइनिंग, ऑनलाइन शिक्षण, ई-कॉमर्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में करियर की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स और स्किल डेवलपमेंट टूल्स के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि डिजिटल स्किल्स सीखकर युवा न केवल बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि स्वयं का स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन गौरव सोनी ने किया तथा आभार प्रदर्शन रविंद्र रामावत ने माना। इस अवसर पर मनीष सोनी, मनीष तिवारी और धनराज चनाल सहित संकाय के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय के लिए बालागंज परिसर में नया भवन बनाने की मांग

### पूर्व विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



सांदीपनि विद्यालय में परिवर्तित हो चुके महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए बालागंज स्कूल परिसर में नया भवन निर्मित करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कलेक्टर को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि दो वर्ष पूर्व शहर के इस एकमात्र बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल को सांदीपनि में बदला गया था, लेकिन अब तक इसके नए भवन के लिए भूमि का चयन नहीं हो पाया है। वर्तमान में बालागंज विद्यालय परिसर की 11 बीघा भूमि अतिक्रमण और उपेक्षा की शिकार है, जबकि वहां छात्राओं की संख्या भी कम होती जा रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस 11 बीघा जमीन में से 3 बीघा पर सांदीपनि विद्यालय का सुरक्षित और केंद्रीय नया भवन बनाया जा सकता है, जिससे शेष 8 बीघा जमीन खेल मैदान व मिनी स्टेडियम के लिए उपलब्ध रहेगी। साथ ही, बालागंज के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल को महारानी लक्ष्मीबाई परिसर में दो पालियों में संचालित किया जा सकता है। सिसोदिया ने प्रशासन से इस प्रस्ताव का परीक्षण कराकर शासन से शीघ्र बजट स्वीकृत कराने का अनुरोध किया है।

## कांग्रेस ने गांव अमरपुरा में शक्कर के पाउच बांटे, दाम बढ़ने पर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

कांग्रेस ने शुक्रवार शाम महंगाई के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमरपुरा की बागरी बस्ती में लोगों को छोटे-छोटे पाउच में शक्कर बांटी। शक्कर के बढ़ते दामों के विरोध में पाउच पर महंगाई से जुड़े नारे भी लिखे गए थे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में महंगाई लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि तेल और दालों के बाद अब शक्कर के दाम भी करीब 75 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की परेशानी बढ़ी है। शक्कर के पाउच पर "गरीबों से शक्कर हुई दूर, 75 तक हुई शक्कर... मोदी है तो मुमकिन है, महंगाई डायन खाए जात है" जैसे नारे लिखे गए थे।जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा ने केंद्र की भाजपा सरकार और प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार को महंगाई के लिए जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों की नीतियों का असर किसान, गरीब, मजदूर, व्यापारी और आम लोगों पर पड़ रहा है।शर्मा ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को लेकर भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए।राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष श्यामलाल मालवीय चावली ने डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस सहित रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दामों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कीमतें बढ़ने से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार परेशान हैं।

मालवीय ने सरकार पर पूंजीपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के नगर अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर, कांग्रेस नेता छोटेलाल सैनी, किशोर टेलर कनखड़ी, राकेश चंद्रवंशी, गणपत चंद्रवंशी, रामचंद्र चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, नंदलाल चंद्रवंशी, ओंकारलाल चंद्रवंशी, मुकेश पाटीदार, मन्नालाल धनगर, गुड्डीबाई, धापुबाई सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गौवंश का परिवहन करने वाले 2 आरोपियों को एक-एक वर्ष का कारावास

**नीमच।** न्यायालय मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला नीमच के द्वारा अपने निर्णय में वध हेतु 7 गौवंश का अवैध परिवहन करने वाले दो आरोपीगण (1) अब्जल पिता मोहम्मद हुसैन, उम्र-32 वर्ष एवं (2) न्याज मोहम्मद पिता कादिर मोहम्मद गोटा, उम्र-30 वर्ष, दोनो निवासी-ग्राम मुल्तानपुरा, जिला मन्दसौर (मध्यप्रदेश) को धारा 4 6,9 मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, 2004 के अंतर्गत 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास व 5-5 हजार रुपए अर्थदण्ड एवं धारा 11(1)(डी) मध्यप्रदेश पशु क्रुरता निवारण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत 50 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, एमडीएमए और डोडाचूरा के साथ महिला समेत 3 तस्कर गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

नशा मुक्ति अभियान के तहत एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन में भानपुरा थाना पुलिस ने 12 लाख 90 हजार रुपये मूल्य का अवैध मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस ने भैंसोदा से भैंसोदामंडी के बीच तालाब के किनारे आमरोड पर घेराबंदी कर एक बिना नंबर की होंडा सीडी 110 मोटरसाइकिल पर सवार तीन तस्करों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 480 ग्राम ब्राउन शुगर, 780 ग्राम



एमडीएमए और 5 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया।

मुखबिर की सूचना के आधार पर एसडीओपी प्रेमदास आटोडिया और टीम ने कार्रवाई करते हुए जगदी (थाना सुवासरा) निवासी पूरन सिंह, सत्यनारायण बैरागी और चंद्रकला बैरागी को गिरफ्तार किया। यह आरोपी भवानीमंडी से ट्रेन पकड़कर मादक पदार्थ की सप्लाई के लिए निकलने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में जगदी निवासी गोकुल सिंह फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से मादक पदार्थों के मुख्य स्रोतों और नेटवर्क के बारे में गहन पूछताछ कर रही है।

## नीमच बंद को मिला सर्वसमाज और व्यापारियों का व्यापक समर्थन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर के हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर-2 के खेल मैदान को संरक्षित करने और प्रस्तावित सांदीपनि स्कूल को शहर के बाहर किसी उपयुक्त स्थान पर बनाने की मांग को लेकर शनिवार को नीमच शहरी क्षेत्र पूरी तरह से बंद रहा। मैदान बचाओ समिति के साथ-साथ शहर के प्रमुख व्यापारिक और सामाजिक संगठनों के समर्थन से आयोजित यह बंद बेहद प्रभावी और शांतिपूर्ण रहा। सुबह से ही छावनी के नया बाजार, घंटाघर, फव्वारा चौक, बारादरी, जाजू भवन टैगोर, सिंधी कॉलोनी, अम्बेडकर रोड के सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में दुकानें और व्यावसायिक संस्थान

शहर व इस मैदान पर खेलने वाले





खिलाड़ियों का मुद्दा अब बना पूरे शहर की आवाज अब तक इस आन्दोलन में शहरी क्षेत्र के नागरिक मौखिक समर्थन दे रहे थे लेकिन शुरूआत में यह माना जा रहा था कि मैदान बचाने की मांग केवल कुछ खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों तक सीमित है पर इस बंद ने यह साफ कर दिया कि इस आन्दोलन को शहर के सभी जागरूक नागरिकों का समर्थन है यह अब नीमच की आम जनता का जनआंदोलन बन चुका है। नागरिकों और व्यापारियों के खुले समर्थन के बाद यह मुहिम केवल मैदान बचाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इस विशिष्ट स्थान पर सांदीपनि विद्यालय निर्माण के सीधे विरोध में बदल गई है। शहर के कैंट छावनी क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने शहर के मध्य इस निर्माण को लेकर कई बड़े खतरे उजागर किए है।

विकराल ट्रैफिक और जानलेवा स्थितिः शहर का यह हिस्सा पहले से ही ट्रैफिक का 'डेंजर जोन' माना जाता है। यहाँ 1800 से अधिक छात्र-छात्राओं और दर्जनों स्कूल बसों की रोजाना कई बार आवाजाही से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी। पार्किंग की समस्या और हादसों का डरः क्षेत्र में वर्तमान में ही पार्किंग की गंभीर समस्या है। स्कूल बनने के बाद यहाँ हादसों और अव्यवस्था का खतरा और बढ़ जाएगा। व्यापार और महिला सुरक्षा पर असरः लगातार लगने वाले जाम से ग्राहकों का बाजार आना मुश्किल होगा, जिससे स्थानीय व्यापार चौपट हो जाएगा। साथ ही, घनी आबादी के बीच रहवासी क्षेत्रों की महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल उठेंगे।

## न्यूज-कॉलम

### कृति संस्था का मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम आज

**नीमच।** नगर की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक ,सामाजिक संस्था कृति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम में अपनी जीवन यात्रा में प्रशासनिक और पारिवारिक दायित्वों के बीच समन्वय पर चर्चा करेंगी जिले की प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी, यह जानकारी देते हुए संस्था की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती आशा सांभर ने बताया कि संस्था के मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम में सुधी श्रोताओं से रूबरू होंगी हेमलताजी अग्रवाल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला नीमच और श्रीमती ऐश्वर्या मूँदड़ा परवाल ,जिला शिक्षा अधिकारी , जिला नीमच कृति संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम 23 अगस्त रविवार को संध्या 6 बजे से भगवान परशुराम मंदिर , एल आय सी चौराहा नीमच पर आयोजित किया गया है। प्रचार सचिव कृष्ण कुमार शर्मा ने नगर के प्रबुद्ध श्रोताओं से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया है।

### हाईवे से 2 लाख का डोडाचूरा जब्त, 5 तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वायडी नगर पुलिस ने महू-नीमच फोरलेन हाईवे से 5 अंतरराज्यीय तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसआई जगदीश ठाकुर की टीम ने गश्त के दौरान घेराबंदी कर इन तस्करों को दबोचा। आरोपियों के कब्जे से 5 प्लिट्ठू बैगों में भरा 67.38 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा (कीमत लगभग 2 लाख रु.) और 4 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार तस्करों की पहचान लवदीप सिंह, राजिंदर सिंह, अंग्रेज सिंह, हरिन्दरपाल सिंह (सभी निवासी फाजिल्का, पंजाब) और गुरप्रीत (निवासी फतेहाबाद, हरियाणा) के रूप में हुई है। यह डोडाचूरा नीमच के मनासा से पंजाब और हरियाणा ले जाया जा रहा था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर डोडाचूरा के मुख्य स्त्रोतों और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है।

### काम्बिंग गश्त 156 वारंटी गिरफ्तार व 176 बदमाशों की चेकिंग

**मंदसौर।** जिले में अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन में संपूर्ण मंदसौर जिले में रातभर विशेष कॉम्बिंग गश्त का आयोजन किया गया। इस अभियान में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों सहित 37 गश्ती टीमों के 400 से अधिक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 156 वारंटियों को धरदबोचा, जिनमें 95 स्थायी वारंटी और 54 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। इसके अलावा 25 आर्म्स एक्ट के तहत 2 मामले, अवैध शराब के 22 मामलों में 80.39 लीटर शराब जब्त कर 22 आरोपी गिरफ्तार किए गए, तथा जुआ-सट्टा के 10 मामलों में 14 आरोपियों से नकदी बरामद की गई। गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने 74 निगरानी बदमाशों और 100 गुंडों सहित कुल 176 हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग भी की।

### सदियों पुरानी परंपरा आज भी जारी है

**पिपलिया मंडी।** सदियों से चली आ रही परम्परा क्षेत्र के कई गांवों में पहले ब्रह्म भोज आयोजित कर आसपास के साधु ब्राह्मणों को भोजन करवाते थे। उक्त परंपरा आज भी पिपलिया के पास बरखेड़ा पथ में ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित की गई। जिसमें सैकड़ो साधु ब्राह्मणों ने भोजन प्रसाद जी पवन कर ग्राम वासियों को आशीर्वाद दिया।

### अन्नपूर्णा सेवा न्यास की भोजन सेवा जारी

**नीमच।** शहर की कहानी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं द्वारा रामदेवरा एवं सांवलिया जी जाने वाले पद यात्रियों के लि निशुल्क सेवा की जा रही है इसी कड़ी में अन्नपूर्णा सेवा न्यास भी विभिन्न प्रकल्प के साथ रामदेवरा पद यात्रियों के लिए विश्राम और भोजन चाय बेहतर सुविधाएं देने का काम कर रही है। न्यास के संयोजक राकेश पप्पू जैन ने बताया की इधर 5 वर्षों से सौ से अधिक लोगों के रुकने और भोजन, चाय नाश्ता की व्यवस्था की जा रही है।

## न्यूज कालम



### वर्क संस्था ने कुष्ठ बस्ती में बांटी सामग्री और सफाईकर्मियों का किया सम्मान

**मंदसौर।** पैगंबर मुहम्मद साहब के जन्मोत्सव पर वर्क संस्था द्वारा करुणा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत 7 दिनों तक लगातार मानव सेवा के विविध कार्य किए जाएंगे। संस्था के जिलाध्यक्ष मुजफ्फर मंसूरी ने बताया कि पैगंबर साहब की शिक्षा धर्म लोक कल्याण का नाम है और स्वच्छता व पवित्रता आस्था का हिस्सा है का अनुसरण करते हुए संस्था के सदस्यों ने कुछ रोगी बस्ती पहुंचकर स्वच्छता किट, फल, चॉकलेट, वेफर और बिस्कुट बांटे। इसी कड़ी में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों का फूल-मालाएं पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुजफ्फर मंसूरी ने कहा कि सफाई केवल घर, आंगन और सड़क की ही नहीं, बल्कि मन और माहौल की भी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान अनिल जैन, कुणाल, फिरोज, भावेश, आमीन, अनिल, सलमा, तरन्नुम, नसरीन, तालिब और उयुन फिरोज चाचा आदि उपस्थित रहे।

### रतनगढ़ नगर परिषद की व्यवस्थाओं का डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण



मच डिप्टी कलेक्टर ने नगर पंचायत रतनगढ़ निरीक्षणकिया . . .

**नीमच।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी डूडा श्रीमती मयुरी जोक ने शुक्रवार को रतनगढ़ नगर परिषद का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, जलप्रदाय व्यवस्था, फिल्टर प्लांट एवं ट्रेंचिंग ग्राउंड का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर परिषद द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छता एवं जलप्रदाय व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने तथा विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री ओमप्रकाश शर्मा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर डूडा कार्यालय के श्री जानकीलाल प्रजापत सहित नगर परिषद के संबंधित शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आई सी आई बैंक परिसर में वरिष्ठजन दिवस पर वरिष्ठजनो का किया सम्मान



**पिपलिया मंडी।** 21 अगस्त शुक्रवार को वरिष्ठजन दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय कृषि उपज मंडी के गेट के सामने नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष तथा माली समाज के वरिष्ठ श्री कचरमल राठौर के मुख्य आतिथ्य में तथा बैंक मेनेजर श्री आदित्य महेश्वरी के मार्गदर्शन में वरिष्ठजन दिवस पर नगर के वरिष्ठ अधिमान्य पत्रकार बाबूलाल नागर, कैलाश राव, डॉक्टर विनोद जैन, मंडी व्यापारी जाकिर भाई नागोरी, राधेश्याम पोरवाल, कन्हैयालाल सैनी आदि वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी विजेश मोड़ सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### लायंस के माध्यम से स्व. मुजावदिया के हुए नेत्रदान



**मंदसौर।** रामपुरा वाले स्व. बसंतीलाल मुजावदिया के देवलोकगमन पर उनके परिजनों ने लायंस क्लब की प्रेरणा से समाज के समक्ष एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया। स्व. मुजावदिया के सुपुत्र अनिल मुजावदिया एवं परिवारजनों की सहमति से यह पुनीत कार्य संपन्न हुआ, जिससे दिवंगत आत्मा की स्मृति अमर हो गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने दिवंगत आत्मा के नेत्र उत्सर्जित किए। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. के.सी. श्रीमाल, सचिव मयूर सुराना, प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. विकास भंडारी एवं पंकज पोरवाल ने स्व. मुजावदिया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्लब पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुखद घड़ी में लिए गए प्रेरणादायी और समाजोपयोगी निर्णय के लिए परिजनों का साधुवाद व्यक्त किया।

### योग अनुसंधान एवं नेचुरोपैथी सेंटर द्वारा आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रतलाम।** रतलाम योग अनुसंधान एवं नेचुरोपैथी सेंटर, डोंगरे नगर, रतलाम द्वारा नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 23 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। शिविर में योग, प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन के साथ विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। शिविर में योग एवं प्राणायाम सत्र, नेचुरोपैथी परामर्श, स्वास्थ्य जांच, आहार एवं जीवनशैली संबंधी मार्गदर्शन तथा प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी प्रदान की जाएगी।

## शपथ विधि समारोह संपन्न

**तराना।** लायंस क्लब तराना का शपथ विधि समारोह संपन्न हुआ जिसमें शपथ अधिकारी के रूप में लायन संजय सक्सेना ने नवीन अध्यक्ष लायन मुकेश चौहान सचिव लायन राजकुमार मित्तल कोषाध्यक्ष लायन गोपाल सोनी को शपथ दिलाई। ध्वज वंदना नयन श्री राठौर ने की अतिथि परिचय लायन सुनील जाजू ने दिया आभार लायन नरेंद्र कानड़ी ने माना संचालन लायन महेश सोनी ने किया। समारोह में झोन चेयर पर्सन लायन पुरुषोत्तम चांडक लायन द्वारकाधीश पलोड़ लायन राजेश डोडिया लायन ओमप्रकाश पलोड़ लायन बाबूलाल मालवीय लायन बलराम चौहान लायन नीरज खंडूजा लायन सत्यनारायण पाटीदार लायन उमेश उपाध्याय लायन पुरुषोत्तम मंत्री सहित समस्त लायन साथी उपस्थित रहे उक्त जानकारी लायन संजय जैन ने दी।

## मक्सी में स्कूल बस हादसा

**मक्सी।** मुरलीधर कृपा विद्या मंदिर की बस लापरवाही के चलते साकरी रोड के पास खंती में उतर गई। बस में करीब 25-30 बच्चे सवार थे। हादसे में 3 बच्चे घायल हुए, जबकि 2 बच्चों के बेहोश होने की जानकारी है। ग्रामीणों ने बच्चों को बाहर निकालकर मदद की। वहीं स्कूल प्रबंधन पर हादसे के बाद समय पर मेडिकल मदद और अभिभावकों को सूचना नहीं देने के आरोप लगे हैं। अभिभावकों का दावा है कि बस की तेज रफ्तार को लेकर पहले भी शिकायत की गई थी। मामले में स्कूल प्रबंधन ने ड्राइवर को हटाने की बात कही है। अब सवाल बच्चों की सुरक्षा और स्कूल बसों की निगरानी को लेकर उठ रहे हैं।

मक्सी 24 तारीख को शाजापुर में होने वाले कलेक्टर घेराव के संबंध में जिसमे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु आ रहे है। इसके तहत आवश्यक बैठक आज आयोजित की जा रही है। इस बैठक में जिला अध्यक्ष जयंत सिकरवार सभी कांग्रेसजनों से चर्चा करने और आगामी कार्यक्रम की रणनीति बनाने के लिए मक्सी कांग्रेस कार्यालय वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और सभी कांग्रेस परिवार के साथियों से कि कल दोपहर 3:00 बजे मक्सी कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

## 2.80 लाख की 4 मोटरसाइकिलें बरामद

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की गई कुल 4 मोटरसाइकिलें, जिनकी अनुमानित कीमत 2.80 लाख रु बरामद की। आरोपी मुकेश पिता रामसिंह तंवर 23 ग्राम मदनपुरिया थाना घाटोली जिला झालावाड़ राजस्थान को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया। विवेचना के दौरान आरोपी मुकेश तंवर से पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को अपने घर ग्राम मदनपुरिया में छिपाकर रख रखा था। पुलिस ने उक्त मोटरसाइकिल को जप्त किया।

## नागदा व्यापारी संघ में नामदेव पुनः अध्यक्ष

**नागदा।** 31 वर्षों से संचालित नागदा व्यापारी संघ की आवश्यक बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। बैठक में पंकज नामदेव को पुनः नागदा व्यापारी संघ का अध्यक्ष तथा पद्मा सेठिया को नागदा व्यापारी महिला मंडल को अध्यक्ष मनोनीत गया। नवनियुक्त अध्यक्षों ने अपनी-अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए विभिन्न सदस्यों को दायित्व सौंपे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। बैठक में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारीगण उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों ने सभा को संबोधित करते हुए व्यापारिक एकता, संगठन की मजबूती तथा नगर के व्यापारिक विकास को लेकर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने नागदा व्यापारी संघ द्वारा व्यापारी हित में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की।

### जनविश्वास अभियान के तहत पाडल्या माता में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर का किया आयोजन

# सीएम हेल्पलाइन, लोकसेवा गारंटी एवं जनसुनवाई के प्रकरणों की समीक्षा

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री टेटवाल ने अधिकारियों को चरणबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाडल्या माता में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल की उपस्थिति में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे और अपनी समस्याएं एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं।



शिविर में अनुविभाग, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सीएम हेल्पलाइन, लोकसेवा गारंटी एवं जनसुनवाई के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके निराकरण की स्थिति जानी गई। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का विभागवार निराकरण किया गया। राजस्व, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विद्युत, उद्यानिकी, पशुपालन, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री टेटवाल की मौजूदगी में ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और यथासंभव मौके पर ही समाधान किया।

शिविर के दौरान ग्राम पाडल्या माता के सरपंच सुभाष पाटीदार का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की राजस्व वसूली में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया गया था। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री टेटवाल ने उनके कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी।शिविर में सारंगपुर की नवागत अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर हेमेंद्र गोविल, तहसीलदार सारंगपुर शैलजा मिश्रा, थाना प्रभारी लीमा चौहान, ग्राम पंचायत पाडल्या माता के सरपंच सुभाष पाटीदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज ने उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अब केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनता के बीच पहुंचकर समस्या की पहचान, विभागीय समन्वय और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। पाडल्या माता का शिविर इसी जन-केंद्रित प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।

### हर समस्या का चरणबद्ध समाधान करने के निर्देश

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री टेटवाल ने ग्रामीणों एवं विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर आमजन की समस्याओं का प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम की सभी समस्याओं एवं विकास संबंधी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध कर चरणबद्ध तरीके से निराकरण एवं मांगों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कृषि एवं पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसानों और पशुपालकों को नवीन तकनीकों का उपयोग करने के साथ जैविक खाद एवं जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे उत्पादन के साथ आय में भी वृद्धि हो सके।

# लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

### एसडीएम लोक सेवा केंद्रों और संबल शाखाओं का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें —कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़

कलेक्टर की अध्यक्षता में आगामी मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की तैयारियों एवं विभागीय प्रकरणों की समीक्षा को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी तथा विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। पुराने लंबित प्रकरणों को भी प्राथमिकता से निराकृत कर डिस्पोजल किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टि-पूर्ण निराकरण कराने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र के लोक सेवा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि सूचना पटल पर लोक सेवा केंद्र द्वारा लिए जाने वाले शुल्क, एसडीएम, लोक सेवा प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारियों के संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों। साथ ही केंद्रों पर प्राप्त होने वाले आवेदनों की संख्या, डिजिटल माध्यम से किए जा रहे कार्य तथा संबंधित अभिलेख एवं बुक अपडेट हैं या नहीं, इसकी भी जांच की जाए। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को अपने क्षेत्र की संबल शाखा का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां लंबित प्रकरणों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण अथवा अन्य प्रकार के मिसमैनेजमेंट से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनके प्रकरण विस्तृत विवरण सहित प्रस्तुत किए जाएं। कलेक्टर ने ऐसी शिकायतों की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## अखंड रामायण पाठ के समापन पर भगवान शिव की निकाली पालकी

इंगोरिया। सावन माह में अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही अखंड राम चरित मानस पाठ का समापन 30 अगस्त पर होगा। इसी दिन अचलेश्वर महादेव की शाही सवारी नगर भ्रमण पर निकलेगी। मानस पाठ समिति के संयोजक पंडित राज किशोर चतुर्वेदी ने बताया कि प्रति वर्ष सावन माह में पूरे माह श्रद्धालुओं के सहयोग से अखंड रामायण पाठ, अभिषेक और अखंड ज्योति का आयोजन किया जाता है। अचलेश्वर महादेव मंदिर से 30 अगस्त के सायंकाल 4 बजे से भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। इस दिन अचलेश्वर महादेव उज्जैन रोड पर हिंगलाज मंदिर, गौतमपुरा रोड पर भैरव बाबा मंदिर, श्री राम मंदिर होते हुए उन्हेल रोड पर गणेश धाम पर पहुंचेंगे। चित्र। रामायण पाठ करते मानस समिति के सदस्य।

# भद्रा का साया नहीं, पूरे दिन बांध सकेंगे भाई की कलाई पर राखी

### 70 साल बाद बन रहा अद्भुत संयोग, 28 अगस्त को मनेगा रक्षाबंधन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन इस बार विशेष ज्योतिषीय संयोग के बीच मनाया जाएगा। 28 अगस्त शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इस बार राखी के दिन भद्रा का प्रभाव नहीं रहने से बहनों को राखी बांधने के लिए शुभ समय का अच्छा अवसर मिलेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 70 साल बाद ग्रह-नक्षत्रों का विशेष संयोग बन रहा है जिससे इस रक्षाबंधन को खास माना जा रहा है।

पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त को सुबह 9.08 बजे से शुरू होकर 28 अगस्त को सुबह 9.48 बजे तक रहेगी। वहीं भद्रा का समापन 27 अगस्त की रात में ही हो जाएगा। ऐसे में 28 अगस्त को राखी बांधने के दौरान भद्रा की बाधा नहीं रहेगी।

रक्षाबंधन पर राखी बांधने का प्रमुख शुभ समय सुबह 5.57 बजे से 9.48 बजे तक बताया गया है। इस दौरान बहनें भाई को तिलक लगाकर आरती उतारेंगी और उसकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना करेंगी। ज्योतिषीय गणना के अनुसार 28 अगस्त को सुबह से दोपहर 12.45 बजे तक आयुष्मान योग रहेगा। इसके बाद सौभाग्य योग का संयोग बनेगा। इन योगों को सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और पारिवारिक मंगल के लिए शुभ माना जाता है। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। बहनें भाइयों के लिए आकर्षक राखियां खरीदने में जुटी हैं, वहीं भाई भी बहनों को उपहार देने की तैयारियां कर रहे हैं। पर्व को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

## पेंशनर्स संगठन के सशक्तिकरण और विस्तार को लेकर बैठक आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

संगठन ही शक्ति है और विस्तार संगठन को और अधिक सुद्दढ बनाता है, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रांतीय संगठन मंत्री अमर सिंह बिखावत की उपस्थिति में गायत्री प्रज्ञापीठ नरसिंहगढ में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सारंगपुर सहित जिले की 12 शाखाओं के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण शामिल हुए।

बैठक के पश्चात चर्चा में सारंगपुर शाखा अध्यक्ष एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सचिव लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने बताया कि प्रदेशव्यापी 6 सूत्रीय आंदोलन को महंगाई राहत में बाधक बनी धारा 49 (6) समाप्त होने के कारण फिलहाल स्थगित किया गया था। यदि शासन द्वारा इनका शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो अक्टूबर-नवंबर माह में भोपाल में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। त्रिकार ने राज्य सरकार के रवैये पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा पेंशनर्स को मिलने वाले 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते का आदेश अभी तक जारी नहीं किया गया है। आदेश में विलंब होने से ऐसा प्रतीत होता है कि पेंशनरों को उनके एरियर के लाभ से वंचित रखने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रति माह ब्लॉक स्तर पर भी पेंशन फोरम बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल ने मनाया अखंड भारत संकल्प दिवस



**महिदपुर रोड।** नगर विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल द्वारा शुक्रवार को अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रमुख दशरथ राठौर ने कहा अखंड भारत का सपना प्रत्येक हिंदू का परम लक्ष्य होना चाहिये हमें हमारा पूर्व का अखंड भारत बनाने की दिशा में प्रण प्राण से कार्य कर देश की अखंडता बनाए रखने के प्रयासों में अपना बलिदान देने वालों के संकल्प को साकार करना का पुरजोर प्रयास करना होगा महिदपुर रोड़ प्रखंड के इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य भारत की प्राचीन ऐतिहासिक, सांस्कृ तिक और भौगोलिक सीमाओं के गौरव को पुनर्जीवित करना है। आयोजन में दशरथ राठौर के अलावा प्रखंड मंत्री पारस चौधरी संयोजक धर्मेंद्र सिंह सिसौदिया प्रभु लाल अहिरवार सहित खंड व ग्राम समितियों पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पटवारी की सड़क हादसे में मौत, विशेष जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

प्रांतीय पटवारी संघ मध्यप्रदेश की शाखा सुसनेर द्वारा शुक्रवार को पटवारी नबुलाल खेलवाल की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की विशेष जांच की मांग को लेकर एसडीएम देवकुंवर सोलंकी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि पटवारी नबुलाल खेलवाल तहसील सोयतकलां के ग्राम गणेशपुरा हल्के पर पदस्थ थे। 6 अगस्त 2026 को शासकीय कार्य पूर्ण कर हल्का मुख्यालय लौटते समय गुराड़ी बंगला के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए उज्जैन के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पटवारी संघ ने दुर्घटना को लेकर उच्च स्तरीय विशेष जांच करवाने तथा घटना के जिम्मेदार लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की। संघ ने दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की। इस दौरान पटवारी संघ से जुड़े पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं के निराकरण को पटवारी बनाए प्राथमिकता

### नवागत एसडीएम निधि भारद्वाज का सारंगपुर पटवारी संघ ने किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर की नवागत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निधि भारद्वाज के पदभार ग्रहण करने के बाद अनुभाग क्षेत्र के पटवारियों तथा राजस्व अमले द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर उनका आत्मीय व भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पटवारियों ने नवागत एसडीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर नवीन जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। स्वागत के दौरान राजस्व कार्यों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और किसान कल्याण से जुडी प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। नवागत एसडीएम निधि भारद्वाज ने राजस्व अमले को निर्देशित किया कि क्षेत्र के किसानों एवं आम जनता के राजस्व मामलों का समय सीमा में और पारदर्शिता के साथ निराकरण किया जाए। जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण को पटवारीगण अपनी पहली प्राथमिकता में शामिल करें। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पटवारी संघ तहसील अध्यक्ष मनीष सक्सेना, पटवारी संघ प्रदेश सचिव शहजाद खान, केएल फुलेरिया, विपुल सक्सेना, संघ सचिव आत्माराम वर्मा, अजय सेंगर, राहुल दांगी, अतुल सक्सेना, योगेश सक्सेना, पीयूष शर्मा, शालिनी सोनी, मनीष पाटीदार, ब्रज परमार, सुनील श्रीमोड, अंकुश कुंभकार, लखन मालवीय आदि पर उपस्थित थे। तहसील अध्यक्ष सक्सेना एवं प्रदेश सचिव खान ने समस्त पटवारियों की तरफ से नवागत अनुविभागीय अधिकारी को प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण निष्ठा और सहयोग का आश्वासन दिया और जनता की समस्याओं को त्वरित निराकरण को निष्ठा के साथ करने की बात कही। इस मौके पर अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित थे।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान में अनियमितता, दो के खिलाफ एफआईआर

**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ कलेक्टर के निर्देश पर जिले के जीरापुर थाना क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य दुकान भंडावद कोड क्रमांक 3201007 में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाए जाने पर पुलिस ने तत्कालीन विक्रेता जगदीश राठौर एवं तत्कालीन संचालनकर्ता संस्था विपणन सहकारी संस्था जीरापुर के प्रबंधक बीरम सिंह के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज की है। कलेक्टर के निर्देश पर सहायक आपूर्ति अधिकारी खिलचीपुर-जीरापुर श्रीमती हुमा हुजूर द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई। प्राप्त जानकारी अनुसार जीरापुर थाना में दर्ज एफ.आई.आर. के अनुसार दुकान की जांच में गेहूं, चावल, नमक सहित अन्य खाद्यान्न के स्टॉक में अंतर पाया गया। जांच के दौरान गेहूँ 11495 कि.ग्रा. चावल 2580 कि.ग्रा. शक्कर 11 कि.ग्रा. केरोसिन 15 लीटर कम पाया गया। इसके अलावा आईसीडीएस के खाद्यान्न स्टॉक में भी कमी दर्ज की गई। उपभोक्ताओं को अप्रैल, मई और जून 2026 में नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं किया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि मई एवं जून 2026 के एकमुश्त वितरण के दौरान लगभग 15 प्रतिशत उपभोक्ताओं को खाद्यान्न एवं नमक का पीओएस मशीन के माध्यम से आहरण किए जाने के बावजूद वितरण नहीं किया गया।

# खेती के साथ पशुपालन में भी किसानों को हो रहा नुकसान

### दूध के मूल्यवृद्धि को लेकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल

उन्हेंल तहसील के किसानों ने शुक्रवार को किसान नेता बालेश्वर आंजना के नेतृत्व में दूध के भाव में वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उन्हेल तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर दूध के मूल्यवृद्धि की मांग की। किसानों ने बताया कि वर्तमान समय में भैंस गाय सहित दुधारू पशुओं के भाव आसमान छू रहे है। पशुओं का चारा, खाली, कपास्या, पशु आहार के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ रहे है लेकिन पशुपालन कर रहे किसानों को उनके दूध का उचित मूल्य नहीं मिल रहा।



बालेश्वर आंजना ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ छल किया जा रहा है सरकार में अपने चुनावी घोषणा पत्र में दूध के मूल्य में 5 रुपए प्रति लीटर बोनस देने की बात कही थी जो आज तक नहीं मिला आज के समय में पशुपालन कर रहे किसानों के हाथ सिर्फ गोबर ही आ रहा है। हमारी सरकार से मांग है कि दूध के भाव में 10 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की जाए जिससे किसानों को अपने उत्पाद की सही कीमत मिल सके एवं सरकार अपने किए वादे अनुसार दूध पर 5 रुपए प्रतिलीटर बोनस प्रदान करे। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष शंकर पटेल,पूर्व जनपद सदस्य मदनसिंह जादव, पूर्व जि.पं. प्रतिनिधि भरत मालवीय, पूर्व सरपंच राकेश पाटीदार, पूर्व सरपंच इंदरसिंह पीपावद, पार्षद द्वारकाधीश सोनी, जनपद सदस्य अर्जुन पटेल, मानसिंह आंजना, बाबूलाल गाजी, ईश्वरसिंह आंजना, पदमसिंह आंजना, अंतरसिंह जरात, जसवंत पटेल, ईश्वरसिंह जरात,चुन्नीलाल परमार, भादरसिंह आंजना, विक्रमसिंह चौहान, आत्माराम बाबूजी,विनोद पाटीदार,रायसिंह आंजना, रामप्रसाद चौधरी, विक्रम पटेल, नाराणसिंह आंजना, नंदू चौधरी, गनी खा, इब्राहिम शाह, बबलू, भरत चौधरी, बापूलाल सोनगरा, समरथ गुर्जर, भगवानलाल गाजी, रोहित आंजना, करणसिंह आंजना, इंदरसिंह आंजना कालुसिंह आंजना, रामेश्वर आंजन आदि मौजूद रहे, ज्ञापन का वाचन अक्षय जैन ने किया, जानकारी लखन पटेल द्वारा दी गई ।

### डायल 112 की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**सुसनेर।** समीप ग्राम मोड़ी में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं और घर में रखा सामान भी आग की चपेट में आने लगा। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और अपनी सूझबूझ व तत्परता से बड़ा हादसा होने से बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे ग्राम मोड़ी निवासी बने सिंह पिता गोपीलाल के घर में रखा गैस सिलेंडर अचानक आग की चपेट में आ गया। सिलेंडर में आग लगने के बाद घर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आग तेजी से बढ़ने के कारण आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया।

## समान नागरिक संहिता को लेकर जमीयत उलेमा ने सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर।** मध्यप्रदेश में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर शुक्रवार को जमीयत उलेमा जिला आगर-मालवा की ओर से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम संबोधित करते हुए संवैधानिक, विधिक एवं सामाजिक आधारों पर यूसीसी के संबंध में पुनर्विचार की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि भारत एक बहुधार्मिक एवं बहुसांस्कृतिक देश है तथा संविधान प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता और अपनी धार्मिक परंपराओं के पालन का अधिकार प्रदान करता है। जमीयत उलेमा ने कहा कि यूसीसी से संबंधित किसी भी कानून का निर्माण करते समय संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता का संरक्षण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति से प्रस्तावित यूसीसी पर पुनर्विचार करने तथा सभी संबंधित पक्षों की संवैधानिक एवं सामाजिक चिंताओं को ध्यान में रखने की मांग की।



# तेज होती है याददाश्त 5 साल के बच्चों को जरूर खेलाना चाहिए यह पांच खेल



पांच साल के बच्चों की डेली लाइफ में कुछ खेलों को हिस्सा बनाना बेहद जरूरी होता है। यह खेल उनके दिमाग के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

आजकल बच्चों छोटी उम्र में ही फोन के आदी होने लगे हैं। यह आदत उनके मेमोरी पावर को भी प्रभावित करती है। धीरे-धीरे कर उनकी याददाश्त कमजोर होने लगती है और कुछ भी याद रख पाना मुश्किल होने लगता है। जब बच्चा पांच साल का हो जाए तो कुछ एक्टिविटी उन्हें जरूर करवानी चाहिए। यह उनके याददाश्त को तेज करने के साथ ही मेमोरी को शार्प बनाती हैं। पांच साल के बच्चे को पजल जरूर खेलाना चाहिए। दिन में कम से कम 30 मिनट तक इस गेम को जरूर खेलाएं। इससे दिमाग मजबूत होता है। उनका फोकस बढ़ता है और सोचने समझने की क्षमता भी बढ़ती है।



## क्रॉस वर्ड

क्रॉस वर्ड गेम में वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल लाइन्स में शब्दों को ऐसे फिट किया जाता है कि कोई नया वर्ड तैयार होता है। यह बच्चों के दिमाग के विकास में अहम भूमिका निभा सकता है। नियमित अभ्यास से बच्चों की याददाश्त को मजबूती मिल सकती है।

## सीक्वेंस रिवर्स गेम

सीक्वेंस रिवर्स गेम न सिर्फ मेमोरी को शार्प बनाने में मदद करता है बल्कि फोकस भी बढ़ाता है। यह ब्रेन एक्सरसाइज में से एक है।

## सुडोकू

सुडोकू में एक से 9 नंबर तक ग्रिड को भरना होता है। रोजाना इसे अभ्यास कराने से बच्चों का फोकस बढ़ सकता है और साथ ही दिमाग के विकास में मदद मिलती है।

## चेस

शतरंज को फोकस और कॉन्सन्ट्रेशन का गेम भी कहा जाता है। एक घंटे तक इसका अभ्यास कराने से बच्चों की मेमोरी तेज होने के साथ ही उनका फोकस भी बढ़ सकता है।



## क्या बच्चों को हर समय एक्टिविटीज में बिजी रखना सही है?

आजकल पैरेंट्स बच्चों की एजुकेशन और गतिविधियों को लेकर बहुत ही अलर्ट हो गए हैं। वे चाहते हैं कि बच्चा कुछ न कुछ सीखता रहे, कभी बच्चों को ट्यूशन भेजना, कभी डांस क्लास, कभी सपोर्ट्स में तो कभी आर्ट और अगर बच्चा कुछ समय के लिए फ्री है, तो टीवी या मोबाइल देखने लगता है। पैरेंट्स को लगता है कि बच्चे को खाली नहीं बिठाना चाहिए क्योंकि इससे उनका समय बर्बाद होता है। लेकिन क्या सच में सारा दिन बच्चे को बिजी रखना उनके मेंटल हेल्थ के लिए अच्छा है?

जब बच्चा बिना किसी प्रेशर के खेलता है, अपनी मनपसंद ड्रॉइंग बनाता है, इधर-उधर देखता है या बस आराम करता है, तो असल में उसका दिमाग काम कर रहा होता है। वह दिन भर में सीखी हुई चीजों को जोड़ता है, समझता है और अंदर से मजबूत बनाता है। बच्चों के दिमाग को जानकारी को समझने के लिए खाली समय देना बहुत जरूरी है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






### 15 साल बाद विमेंस डबल्स में भारत का मेडल पक्का

# त्रिसा-गायत्री वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग हारे

**एजेंसी ▶▶ पटना**

15 साल बाद बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के विमेंस डबल्स में भारत का मेडल पक्का हुआ है। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने शुक्रवार को वर्ल्ड नंबर-4 चीन की जिया यी फान और झांग शु शियान को 16-21, 21-15, 21-13 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों जोड़ियों या खिलाड़ियों को ब्रॉन्ज मेडल दिया जाता है। इसके लिए अलग से तीसरे स्थान का मुकाबला नहीं कराया जाता। इससे पहले 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ने टूर्नामेंट के इस एडिशन में भी एक मेडल पक्का कर दिया।




चीन की जोड़ी ने मुकाबले की शुरूआत तेज की और भारतीय जोड़ी को 4-0 से पीछे कर दिया। त्रिसा और गायत्री ने वापसी करते हुए अंतर कम किया, लेकिन जिया और झांग ने दबाव बनाए रखा और पहला गेम 21-16 से जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने अपना खेल पूरी तरह बदल दिया। बेहतर डिफेंस, तेज स्मैश और नेट पर आक्रामक खेल के दम पर उन्होंने मुकाबले पर पकड़ बनाई। दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन त्रिसा-गायत्री ने 21-15 से गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया।

## भारत-अफगानिस्तान टी20 सीरीज मैच की बढ़ सकती है तारीखें

अफगानिस्तान और भारत के बीच अगले महीने होने वाली तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज की तारीखें बदली जा सकती हैं।

इस मामले में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच बातचीत चल रही है। हालांकि, अभी शेड्यूल बदलने पर कोई औपचारिक फैसला नहीं हुआ है।

पहले ये मैच पहले 13, 15 और 17 सितंबर को होने थे। अब बीसीसीआई को इन्हें 11, 13 और 14 सितंबर को कराने का प्रस्ताव मिला है। सभी मैच नई दिल्ली का अरुण जेटली स्टेडियम में होने हैं।

एसीबी ने बीसीसीआई के सामने यह प्रस्ताव अपने स्टेकहोल्डर्स के कहने पर रखा है। उसका कहना है कि बदली तारीखों पर मैच कराने से दर्शकों की संख्या और स्टेडियम में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। पहली बार अफगानिस्तान भारत के खिलाफ बाइलैटरल सीरीज की मेजबानी करेगा, हालांकि सभी मैच भारत में ही खेले जाएंगे।

अफगानी बोर्ड के अधिकारियों को उम्मीद है कि बीसीसीआई यह प्रपोजल स्वीकार कर सकता है। क्योंकि, टीम इंडिया के बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज होने की संभावना लगभग खत्म मानी जा रही है। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 27 अगस्त को खत्म होगी। जबकि एशियन गेम्स 24 सितंबर से शुरू होंगे। इन दोनों आयोजनों के बीच भारतीय टीम के पास खाली समय है।

जून में भारत ने अफगानिस्तान की मेजबानी की थी। तब दोनों टीमों के बीच एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई थी। आने वाली टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के बाद भारत और अफगानिस्तान तीनों फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुके होंगे।

## नैनो न्यूज

- **भारत ने श्रीलंका को हराया** – गॉल टेस्ट में भारत ने श्रीलंका को 165 रन से हराकर दो टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई।
- **मानव सुथार चमके** – डेब्यू टेस्ट में स्पिनर मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।
- **गांगुली की यादें ताजा** – इंग्लैंड को हराने के बाद भारत की मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स की बालकनी में सौरव गांगुली के अंदाज में जश्न मनाया।
- **ट्रीसा-गायत्री क्वार्टर फाइनल में** – भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
- **सिंधु की नजर क्वार्टर फाइनल पर** – पीवी सिंधु आज विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंतिम-8 में जगह बनाने के लिए कोर्ट पर उतर रही हैं।
- **ईस्ट बंगाल की ऐतिहासिक जीत** – ईस्ट बंगाल ने एशियाई क्लब प्रतियोगिता में 12-0 की जीत दर्ज कर भारतीय फुटबॉल में नया रिकॉर्ड बनाया।
- **मेसी ने गोल किया** – इंटर मियामी के लिए लियोनेल मेसी ने पिता के निधन के बाद पहला गोल किया और एक असिस्ट भी दिया; टीम 2-2 से ड्रॉ रही।

### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में किया एक बदलाव

# रेनशॉ की 3 साल बाद वापसी, वेदराल्ड बाहर

**एजेंसी ▶▶ सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। जैक वेदराल्ड की जगह मैथ्यू रेनशॉ को टीम में शामिल किया गया है। रेनशॉ 3 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे और ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरूआत करेंगे। दूसरा टेस्ट 22 अगस्त से मैके में खेला जाएगा।

दो मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को बांग्लादेश ने 9 विकेट से हराया था। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने दूसरा टेस्ट जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर करने की चुनौती है।

मैथ्यू रेनशॉ फरवरी 2023 के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेलेंगे। यह उनका 15वां टेस्ट होगा। उन्होंने आखिरी टेस्ट भारत दौरे पर खेला था। उस मुकाबले में वह मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने



उतरे थे। इस बार रेनशॉ को ओपनिंग की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में इसी भूमिका में पाकिस्तान के खिलाफ 2016-17 में शतक लगाया था। टेस्ट क्रिकेट में उनका औसत 29.31 है, जबकि बेस्ट स्कोर 184 रन है। पिछले सीजन में रेनशॉ ने शेफील्ड शील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 49.90 की औसत से रन बनाए और तीन शतक लगाए। रेनशॉ को मौका देने के लिए जैक वेदराल्ड को बाहर किया गया है। उन्होंने डार्विन में खेले गए पहले टेस्ट में 23 और 0 रन बनाए थे। दोनों पारियों में उन्हें हसन महमूद ने आउट किया था।

कप्तान पैट कमिंस ने वेदराल्ड के प्रदर्शन पर कहा कि वह टीम के साथ अच्छे रहे, लेकिन 6 टेस्ट मैचों में उतने रन नहीं बना सके, जितने उनसे और टीम से उम्मीद थी। अब उन्हें घरेलू क्रिकेट में लौटकर शेफील्ड शील्ड में प्रदर्शन के जरिए टीम में वापसी करनी होगी।

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### धार में नानादेवी मंदिर चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**धार।** धार अमझेरा के तंबोली समाज के नानादेवी मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर ने अमझेरा थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी अभी फरार हैं। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर करीब 2 लाख 30 हजार रुपए कीमत का चांदी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 24 जुलाई को भैरू मोहल्ला निवासी कांतिलाल पिता परसराम मोदी ने अमझेरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि चालनी रोड पर हरदम लाला मंदिर के सामने स्थित नानादेवी मंदिर के चैनल गेट और दरवाजे के ताले तोड़कर बदमाश अंदर घुसे थे।

### बाग से बड़केश्वर महादेव तक 11 किमी पदयात्रा

**धार।** धार जिले के बाग से बड़केश्वर महादेव तक शनिवार को 11 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान शिव के सुसज्जित डोले को बग्गी में विराजित कर, डीजे, बैंड बाजे और ढोल-ताशे के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पदयात्रा का स्वागत किया और पदयात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। पदयात्रा के नगर भ्रमण के दौरान रास मंडली के कलाकारों ने राधा-कृष्ण और हनुमानजी की विभिन्न वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों ने भजनों की धुन पर नृत्य प्रस्तुत किए। नगर में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया।

### झाबुआ के पेटलावद क्षेत्र में दर्जनों युवाओं ने ली आप की सदस्यता

**झाबुआ।** झाबुआ के पेटलावद क्षेत्र में आम आदमी पार्टी का विस्तार हुआ है। सोमवार को पार्टी की नीतियों और 'काम की राजनीति' से प्रभावित होकर दर्जनों युवाओं ने आप की सदस्यता ग्रहण की। राहुल भाबोर के नेतृत्व में मुकेश निनामा, भूराल मुनिया, राकेश मावी, सूरज मकवाना, राहुल मचार, विदेश भूरिया, दुबेसिंह सिंगाड, सोनू चारेल और वकील मेडा सहित कई युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश सचिव कोमल, प्रदेश संगठन मंत्री रालू निनामा, जिला अध्यक्ष कमलेश सिंगाड, वरिष्ठ नेता मुख्तियार पठान, मुनसिंह अजनार, जुवान डामोर एवं नानजी मईड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेताओं ने सभी नए कार्यकर्ताओं को पार्टी का गमछा पहनाकर और फूलमाला डालकर स्वागत किया।

### धार में पुराने कॉम्प्लेक्स में दुकान निर्माण को लेकर विवाद



**व्यापारी बोले- आवेदन देने पर भी नहीं हुआ समाधान, इसलिए बनाई दीवार**

**धार।** धार घोड़ा चौपाटी स्थित नगर पालिका के पुराने कॉम्प्लेक्स में दुकान निर्माण को लेकर शनिवार को विवाद की स्थिति बन गई। नगर पालिका का अमला जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचा और कथित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान नगर पालिका सीएमओ विश्वनाथ सिंह और व्यापारी धर्मेंद्र जोशी के बीच बहस हो गई। कुछ देर तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही। सीएमओ विश्वनाथ सिंह के अनुसार, परिसर के साइड में अवैध रूप से दुकान का निर्माण किया गया है। यहां पहले यात्रियों के लिए रास्ता था, जो पीछे बने शौचालय तक जाता था। रास्ते पर दीवार खड़ी कर दुकान का निर्माण किए जाने से शौचालय तक जाने वाला रास्ता बंद हो गया। इसी वजह से नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। वहीं, व्यापारी धर्मेंद्र जोशी ने कार्रवाई का विरोध किया। उनका कहना है कि नगर पालिका ने बिना नोटिस दिए जेसीबी से निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने कोई अवैध दुकान नहीं बनाई है। धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि पीछे बने बाथरूम के चेंबर का गंदा पानी गलियारे से होकर उनकी दुकान की ओर आता है। इसके अलावा लोग दुकान के शटर तक पहुंचकर खुले में बाथरूम करते थे। इससे दुकानदारों को परेशानी होती थी। इसी समस्या से बचने के लिए उन्होंने वहां दीवार बनाई थी।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर में ट्रेड एक्सपो जारी-** एमपीआईटेक्स 2026 प्रदर्शनी चल रही है। उद्योग और व्यापार से जुड़े कारोबारी उत्पादों की प्रदर्शनी और खरीदारों से संपर्क कर रहे हैं।
- **कारोबारियों में एक्सपो उत्साह बढ़ा-** अभय प्रशाल में आयोजित उद्योग एवं व्यापार प्रदर्शनी में कारोबारियों की भागीदारी बढ़ी है। विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं।
- **आज बिजनेस नेटवर्किंग कार्यक्रम-** इंदौर में शनिवार को शेराटन होटल, बायपास में बिजनेस नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। कारोबारी संपर्क बढ़ाने और नए अवसर तलाशेंगे।
- **कारोबारियों को नेटवर्किंग से उम्मीद-** बीएनआई इंदौर के कार्यक्रम में शहर के कारोबारी नेटवर्किंग, रेफरल और व्यवसाय विस्तार के अवसर तलाश रहे हैं। आयोजन आज होने की जानकारी है।
- **ट्रेड गतिविधियों में बढ़ी हलचल-** शहर में व्यापारिक आयोजनों की वजह से कारोबारी गतिविधियां बढ़ी हैं। प्रदर्शनी और नेटवर्किंग कार्यक्रमों से व्यापारियों को नए संपर्क मिलने की उम्मीद है।
- **लाइफस्टाइल प्रदर्शनी आज से-** इंदौर के साकेत गार्डन कम्युनिटी हॉल में 22 और 23 अगस्त को लाइफस्टाइल प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

ऑनलाइन सट्टे के मामले में पुलिस की जांच अब शहर के एक बड़े और संगठित नेटवर्क तक पहुंच गई

# नाना के फोन से शुरू हुई जांच... दुबई तक पहुंची कड़ी

## 2 एप मिले, पुलिस ने कड़ियां जोड़ीं तो सामने आए बड़े सटोरिए, फिर से हो सकती है पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



ऑनलाइन सट्टे के मामले में पुलिस की जांच अब शहर के एक बड़े और संगठित नेटवर्क तक पहुंच गई है। जांच के केंद्र में कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी भी हैं। पुलिस के मुताबिक नाना के मोबाइल फोन की जांच के दौरान दो ऑनलाइन सट्टा एप मिलने और उनके डिलीट किए जाने की जानकारी सामने आई। इन्हीं डिजिटल सुरागों को खंगालते हुए पुलिस ऐसे नेटवर्क तक पहुंची, जिसके तार दुबई और अन्य देशों में बैठे सट्टेबाजों से जुड़े बताए जा रहे हैं।

इस मामले में शुक्रवार को राजेंद्र नगर पुलिस ने राहुल निंबोला, सौम्य प्रीत शिंदे और धर्मेंद्र खींची को गिरफ्तार किया था। इस केस में अब तक 12 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ संगठित रूप से सट्टा संचालन के साथ आईटी एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं।

डीसीपी जोन-2 नरेंद्र रावत के मुताबिक, जुलाई में नाना पटवारी और उनसे जुड़े रॉनी व गोलू के सट्टा संचालन की कड़ियों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान नाना के मोबाइल फोन में दो ऑनलाइन सट्टा एप मिलने की जानकारी सामने आई। पुलिस के अनुसार ये एप बाद में डिलीट कर दिए गए थे। जांच टीम ने डिजिटल कड़ियों को खंगाला तो मामले में बड़े सट्टेबाजों के नाम सामने आए। इनमें मनीष पमनानी, पिंकेश माहेश्वरी और बंटी असरानी सहित अन्य लोगों से जुड़े लिंक की जांच की जा रही है।

**नाना को सट्टा एप भेजने वाला शिंदे-** जांच में सामने आया कि नाना पटवारी को क्रिकेट पर ऑनलाइन सट्टा खेलने के लिए एप्लीकेशन और आईडी उपलब्ध कराने की कड़ी सौम्य प्रीत शिंदे तक पहुंची। पुलिस ने शुक्रवार को शिंदे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार शिंदे ने अपने मोबाइल नंबर और आईडी से नाना को सट्टा खेलने से संबंधित एप और लिंक उपलब्ध कराए थे। इसी कड़ी के आधार पर पुलिस ने नेटवर्क के अन्य सदस्यों की भूमिका खंगालना शुरू किया। पहले जीत का लालच, फिर जमा रकम पर हाथ- पुलिस की जांच में सामने आया कि सट्टा एप के जरिए लोगों को शुरूआत में जीत का अनुभव कराया जाता था। इससे वे ज्यादा रकम लगाने के लिए प्रेरित होते थे। इसके बाद जब बड़ी राशि जमा हो जाती थी तो सट्टेबाजी के नाम पर उनकी रकम हड़पने का आरोप है।

**तीन गिरफ्तारियों से खुलीं कई नई कड़ियां-** शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों में से राहुल निंबोला राजेंद्र नगर क्षेत्र का रहने वाला है। सौम्य प्रीत शिंदे की भूमिका नाना तक सट्टा एप और आईडी पहुंचाने की कड़ी के रूप में है जबकि धर्मेंद्र खींची रावजी बाजार क्षेत्र का पुराना बदमाश बताया गया है। धर्मेंद्र खींची और राहुल निंबोला के भी विदेश में बैठे सट्टेबाजों से सीधे संपर्क की जांच की जा रही है। इसके अलावा जूनी इंदौर के किक्का के कनेक्शन को भी पुलिस खंगाल रही है।

### नाना की भूमिका की जांच जारी, कभी भी हिरासत में लेकर पूछताछ संभव

पुलिस की जांच में नाना पटवारी का नाम नेटवर्क की कड़ियों से जुड़ने के बाद अब उनकी भूमिका भी जांच के दायरे में है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, नाना को कभी भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा सकती है। जांच एजेंसियां उनके मोबाइल से मिले डिजिटल साक्ष्य, सट्टा एप की आईडी और आरोपियों के बीच हुई बातचीत समेत अन्य कड़ियों को जोड़ रही हैं। जांच में यदि उनकी भूमिका को लेकर पर्याप्त तथ्य सामने आते हैं तो पुलिस उनसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है।

### दुबई और दूसरे देशों से ऑपरेट हो रहा नेटवर्क

जांच में ऑनलाइन सट्टे के इस नेटवर्क का विदेशी कनेक्शन भी सामने आया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह के कुछ सदस्य दुबई और अन्य देशों में बैठे सट्टेबाजों के सीधे संपर्क में थे। नेटवर्क का तरीका भी सामने आया है। विदेशी सट्टेबाज एप और वेबसाइट की लिंक अपने एजेंटों और बुकियों तक पहुंचाते थे। इसके बाद एजेंट और बुकी वाट्सएप के जरिए लोगों को आईडी और लिंक उपलब्ध कराकर ऑनलाइन सट्टे से जोड़ते थे।

# इंदौर में मिड-डे मील खाने के बाद 38 बच्चे बीमार

## कढ़ी-चावल परोसे खाना खाने के पेट दर्द-चक्कर की शिकायत, 19 अस्पताल में भर्ती, 4 आईसीयू में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र के धरमपुर में शनिवार को मिड-डे मील खाने के बाद 38 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों ने भोजन करने के कुछ देर बाद पेट दर्द, चक्कर और सिरदर्द की शिकायत की। उन्हें उपचार के लिए इंदौर के अरविंद अस्पताल लाया गया, जहां 19 बच्चों को भर्ती किया गया है। इनमें 4 बच्चों को आईसीयू में रखा गया है।

डॉक्टरों के मुताबिक किसी भी बच्चे की हालत गंभीर नहीं है। सभी को करीब 6 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। इनमें से एक बच्ची को तीन दिन पहले से बुखार आ रहा था।

घटना ग्राम सिंहाना के शासकीय माध्यमिक विद्यालय की है। शनिवार को स्कूल में दोपहर करीब 1:30 बजे बच्चों को मिड-डे मील के तहत कढ़ी-चावल परोसे गए थे। खाना खाने के कुछ समय बाद बच्चों ने तबीयत खराब होने की शिकायत की। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने परिजन को सूचना दी और बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

**डॉक्टर बोले- सभी बच्चे खतरे से बाहर-** अरविंद अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, भर्ती बच्चों की हालत स्थिर है। उन्हें निगरानी में रखा गया है। इनमें एक बच्ची को तीन दिन से बुखार भी था। डॉक्टर बच्चों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

बच्चों के बीमार होने की सूचना मिलते ही उनके परिजन अस्पताल पहुंच गए। फिलहाल सभी का इलाज चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मामले से जुड़ी जानकारी जुटा रही है। इंदौर में स्कूल के भोजन की गुणवत्ता को लेकर जून 2026 में भी मामला सामने आया था।

### फूड पॉइजनिंग की आशंका, जांच के बाद होगी पुष्टि

- एक साथ कई बच्चों की तबीयत बिगड़ने से फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इसकी वजह भोजन की गुणवत्ता थी या कोई अन्य कारण। भोजन के सैंपल की जांच और स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।
- प्रशासन की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। भोजन कहां तैयार किया गया, स्कूल तक कैसे पहुंचा और बच्चों को परोसने से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच हुई थी या नहीं, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# वाहनों के आगे जेब्रा क्रॉसिंग पर लेटी इन्फ्लुएंसर

## पुलिस ने वीडियो जांच में लिया, बोली-वैधानिक कार्रवाई होगी, इन्फ्लुएंसर ने कहा- नियम नहीं तोड़ा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक इन्फ्लुएंसर युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल ने वीडियो की पहचान कर ली है। प्रारंभिक जांच में वीडियो लैंटर्न चौराहे का प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन और लोगों की जान को खतरे में डालने की पुष्टि होने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

वीडियो में युवती वाहनों के आगे जेब्रा क्रॉसिंग पर लेटती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि प्रकृति गौर नाम की इन्फ्लुएंसर फोटो और वीडियो शूट करवा रही थी। सिग्नल पर वाहनों के रुकने के दौरान वह उनके आगे लेटकर ट्रैफिक को बाधित करती दिखी।

# कक्षा 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर जान दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाना क्षेत्र के छोटा बांगड़दा स्थित सुविधा नगर में 12वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान यशपाल (17), पिता बलीराम के रूप में हुई है। वह मूल रूप से विदिशा जिले का रहने वाला था और इंदौर में अपनी बहन व जीजा के साथ रहकर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, यशपाल इंदौर के एक कॉन्वेंट स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता किसान हैं। परिवार में दो बहनें और एक भाई है। यशपाल की बड़ी बहन के साथ उसका जीजा रहता था, जो फाइनेंस का काम करता है। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। परिजनों ने जब यशपाल को फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। एरोड्रम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मौके से छात्र का मोबाइल जब्त किया है। शुरूआती जानकारी में सामने आया है कि यशपाल किसी से मोबाइल पर चैटिंग करता था।

पीएम आवास योजना के फ्लैटों में दुकानें-मवेशी मिले

# इंदौर की 15 आवासीय इकाइयां सील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई



इंदौर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अमलतास परिसर में आवंटित आवासीय इकाइयों में नियम विरुद्ध गतिविधियों के खिलाफ निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने कार्रवाई की। संयुक्त कार्रवाई में 15 आवासीय इकाइयों को सील किया गया, जबकि फ्लैटों में संचालित दुकानों का सामान भी जब्त किया गया।

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि कुछ आवंटित आवासीय इकाइयों में नियमों के विपरीत मवेशी पाले जा रहे थे। वहीं, कुछ हितग्राहियों ने आवास किराये पर देकर अवैध गतिविधियां संचालित कर रखी थीं। कई फ्लैटों में आवासीय उपयोग के बजाय दुकानें भी संचालित होती मिलीं। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ हितग्राहियों ने प्रारंभिक राशि 20 हजार रुपए जमा करने के बाद शेष 1.80 लाख रुपए की राशि अब तक जमा नहीं की है। कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम मौजूद रही। तेजाजी नगर थाना प्रभारी, क्षेत्रीय तहसीलदार, कार्यपालन यंत्री मितेश सिंगोड, सीएलटीसी संतोषी गुप्ता सहित निगम की रिमूवल टीम और पुलिस बल कार्रवाई में शामिल रहा। निगम ने हितग्राहियों को 15 दिन की मोहलत देते हुए बकाया राशि जमा कर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

बायपास पर नगर निगम की रिमूवल टीम ने की कार्रवाई

# फायर सेफ्टी के अभाव में ट्रेड सेंटर सील




दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शनिवार को नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की। इंद्रप्रस्थ चौराहे के समीप ट्रेड सेंटर पर नगर निगम के अधिकारियों ने फायर सेफ्टी व्यवस्था का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान मौके पर आवश्यक अग्नि सुरक्षा इंतजाम नहीं पाए गए, जिसके बाद नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रेड सेंटर को सील कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यावसायिक संस्थान, मॉल या भवन में फायर सेफ्टी उपकरण और आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आग लगने की स्थिति में फायर एक्सटिंग्विशर, अलार्म, इमरजेंसी एग्जिट और अन्य सुरक्षा साधन लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्रवाई लोगों को जागरूक करने का भी संदेश है कि फायर सेफ्टी को नजरअंदाज न करें और समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था की जांच करवाएं। बताया जा रहा है कि ट्रेड सेंटर में करीब 300 दुकानें-ऑफिस है।

### लिंक रोड निर्माण में बाधक पर निर्माण हटाए गए

- जोन 19 में विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत 29.52 करोड़ की लागत से इंदौर बायपास स्थित होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक लगभग 2.40 किलोमीटर लंबी एवं 30 मीटर चौड़ी लिंक रोड बनाने का काम किया जा रहा है।
- भवन अधिकारी वैभव देवलासे ने बताया कि इस सड़क बनाने के काम में बाधक अवैध निर्माण को हटाने के लिए शनिवार को नगर निगम की रिमूवल टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान 8 बाउंड्रीवाल, 2 पक्के आरसीसी स्ट्रक्चर और 1 दुकान को जेसीबी से हटाया गया।






















स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com